
Email : bulandmedia@gmail.com www.bulandmedia.in RNI NO. CHHHIN / 2012 / 40854



रूस के हाथ लगा सोने का खजाना... 3

# बुलंद मीडिया

संपादक - मनोज पाण्डेय मो. 9754750321



मालदीव के बीच पर अदिति की मस्ती... 6

वर्ष : 12 | अंक : 327 | रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित | रायपुर मंगलवार 16 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 01/-

## छोड़ी-बड़ी खबरें

### मणिपुर में तीन लोगों की हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर में गुरुवार को पुलिस ने तीन लोगों के शव बरामद किए। ये सभी मैतेई समुदाय के हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को कुंबी हाओटक इलाके में चार लोग लकड़ी इकठ्ठा करने जंगल गए थे। उसके बाद से वापस नहीं आए।

लापता लोगों के नाम ओइनाम रोमेन, अहनथेम दारा, थौदम इबोम्चा और थौदम आनंद बताए गए हैं। ये सभी अकासोई वार्ड नंबर 7 के रहने वाले हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जो शव मिले हैं, वे लापता चार लोगों में से ही तीन के हैं। एक की तलाश जारी है।

### सेना प्रमुख बोले- जमू-कश्मीर में घुसपैठ की कोशिशें जारी

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने दिल्ली में गुरुवार (11 जनवरी) को कहा- देश की उत्तरी सीमा पर स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। जम्मू-कश्मीर से घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। इसलिए उत्तरी सीमा पर सेना के जवानों की भारी संख्या में मौजूदगी है। हालांकि, सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

### सचिन पायलट बोले- छीसगढ़ में दोगुनी ताकत से करेंगे वापसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट गुरुवार दोपहर रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पहुंचने पर मंत्रोच्चार के साथ उनका स्वागत किया गया। पायलट ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लए हम तैयार हैं। दोगुनी ताकत से वापसी करेंगे। संगठन को दुरुस्त कर कार्यकर्ताओं को चुनावी मैदान में उतारेंगे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रभारी बनने के बाद ये उनका पहला दौरा है। एयरपोर्ट पर दीपक बैज, चरणदास महंत के साथ कांग्रेस के तमाम नेता मौजूद रहे। दो दिवसीय दौरे के दौरान पहले दिन गुरुवार को सचिन पायलट प्रदेश कार्यकारिणी और जिलाध्यक्ष्यों की बैठक लेंगे।

### टैसी ड्राइवर की सूझबूझ से अरेस्ट हुई महिला सीईओ

**पणजी।** गोवा पुलिस ने सूचना को मंगलवार (9 जनवरी) को गिरफ्तार किया। उसे पणजी के मापुसा कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 6 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी की सूचना सेठ गोवा के होटल में बेटे की हत्या करने के बाद लाल रंग का एक ट्रॉली बैग लेकर निकली थी। बैग काफी भारी था। उसने फ्लाइट की बजाय टैक्सी से बेंगलुरु जाने की जिद की, ताकि बेटे की लाश छिपाकर ले जा सके।

## मन कुंवारी ने जीता मोदी जी का मन

# जनमन संगी जशपुर के गांव कुटमा की मनकुंवारी से प्रधानमंत्री ने किया संवाद



**रायपुर।** जब उज्ज्वला और पीएम आवास, जलजीवन मिशन जैसी योजनाएं बनती हैं तो राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कही जाने वाली पहाड़ी कोरवा जैसी जनजातियों के जीवन में किस तरह का सुखद बदलाव आता है इसकी बयानी वो संवाद करता है जो आज प्रधानमंत्री ने जशपुर जिले के एक छोटे से गांव कुटमा की पहाड़ी कोरवा महिला श्रीमती मनकुंवारी बाई से किया। प्रधानमंत्री को मनकुंवारी ने बताया कि हम लोग पहाड़ी कोरवा हैं। पहाड़ों से उतर कर एक दो किमी का सफर तयकर ढोंढी-कुआँ से पानी लाते थे। पानी बहुत खराब होता था। कितनी बार तो बीमार पड़ गये। अब आपने शुद्ध जल की व्यवस्था करा दी है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोग पहले साफ पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रोटी, कपड़ा, मकान जैसी बुनियादी सुविधाओं को देखते हुए जो योजनाएं आरंभ की, उससे स्थिति काफी बदली है। प्रधानमंत्री इसकी मानिटरिंग भी कर रहे हैं। देश भर में विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए पहली बार एक योजना पीएम जनमन योजना तैयार की गई है और इसके क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री सीधी नजर रख रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने बगीचा तहसील के हितग्राहियों से बात की।

जनमन संगी श्रीमती मनकुंवारी बाई ने उनसे बात की। प्रधानमंत्री ने पूछा कि अब आपके घर में गैस सिलेंडर है तो जीवन में क्या बदलाव आया है। मनकुंवारी बाई ने बताया कि बहुत ज्यादा फर्क पड़ा है। चूल्हे में खाना बनाने के लिए लकड़ी चाहिए, उसके लिए लकड़ी बटोरने जंगल जाना होता था। फिर चूल्हा जलाते थे और देर तक खाना पकता था, इसमें इतना समय लगता था कि तब तक बच्चों को भूख में रोते देखने की मजबूरी होती थी। इससे वे समय पर स्कूल भी नहीं जा पाते थे।

प्रधानमंत्री देश के मुखिया हैं और संवाद भी बहुत आत्मीयता से करते हैं। उन्होंने मनकुंवारी बाई से पूछा कि अब गैस सिलेंडर आ गया है तो कौन से व्यंजन बनाती हो। मनकुंवारी ने बताया कि भजिया बना लेती हूँ और धुस्का बना लेती हूँ। इस तरह के सहज संवाद से दिल्ली और जशपुर के पहाड़ी कोरवा की बस्ती की दूरी कितनी कम हो गई, यह सब उस सभा में बैठे हितग्राहियों ने महसूस किया जिन्होंने पीएम जनमन योजना का लाभ लिया था।

प्रधानमंत्री को मनकुंवारी ने बताया कि वो वनधन केंद्र से जुड़ी हैं और यहां पर दोना-पत्तल का काम करती है। उनके समूह में 12 सदस्य जुड़े हैं।


मनकुंवारी बाई को प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने जिन योजनाओं का लाभ लिया है वो तो आपको जुबानी याद हैं। अगर कोई शहरी होता तो उसे कागज देखना पड़ता। आपसे बातें कर बहुत अच्छा लगा।

प्रधानमंत्री ने यह भी पूछा कि जनमन संगी के रूप में आप किस तरह से काम करती हैं। मनकुंवारी ने बताया कि मैं घर-घर जाती हूँ। लोगों से पूछती हूँ कि उन्होंने सरकार की किन योजनाओं का लाभ लिया है। पीएम जनमन योजना कमाल की है। जो काम बरसों में नहीं हुआ, वो अभी हो रहा है। सबकी जिंदगी में बहुत बदलाव आ रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री जी आपको मैं बधाई देती हूँ। प्रधानमंत्री ने इस पर उन्हें

### कलेक्टर और एसपी ने नागाडबरा गांव पहुंच कर आगजनी घटना स्थल का अवलोकन किया

**रायपुर।** कलेक्टर जनमेजय महोबे और एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने आज देर शाम पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम माठपुर के आश्रित ग्राम नागाडबरा पहुंचकर बैगा परिवार के घर हुए आगजनी की घटना स्थल का अवलोकन किया। कलेक्टर ने एसडीम और एसडीओपी को आगजनी घटना की बारीकी तथा घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर गहन जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर और एसपी ने अवलोकन के दौरान आगजनी की घटना से प्रभावित पीड़ित के परिजनों से मुलाकात कर घटना पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। कलेक्टर के निर्देश पर पंडरिया जनपद सीईओ द्वारा घटना से प्रभावित परिजनों को श्रद्धांजलि योजना के तहत सहायता दी गई तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 20 हजार की सहायता राशि देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कुकदूर तहसीलदार को पोस्टमार्डम के रिपोर्ट के आधार पर आरबीसी 6(4) के तहत प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर फॉरेंसिक जांच जारी है।

## राम मंदिर से 15 मिनट की दूरी पर अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में खरीदा प्लॉट



**अयोध्या।** अमिताभ बच्चन राम की नगरी अयोध्या में आलीशान घर बनवाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अभिनंदन लोढ़ा से सेवन स्टार टाउनशिप द सरयू में प्लॉट खरीदा है। अभिनंदन मुंबई बेस्ड डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के चेयरमैन हैं। अमिताभ बच्चन वहां 10,000 स्क्वैयर फीट का घर बनवाना चाहते हैं जिसकी कीमत 14.5 करोड़ होगी। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्रधानमंत्री प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। उसी दिन द सरयू एन्क्लेव का लॉन्च होगा। बताया जा रहा है कि यह 51 एकड़ में फैला है। इस प्रोजेक्ट में इनवेस्टमेंट पर अमिताभ बच्चन ने कहा, मैं द हाउस ऑफ अभिनिंद लोढ़ा के साथ अयोध्या में द सरयू में घर बनाने के लिए उत्साहित हूं। इस शहर की मेरे दिल में खास जगह है। अयोध्या के अध्यात्म और संस्कृति ने एक इमोशनल रिश्ता बनाया है जो कि भौगोलिक सीमाओं से परे है। अयोध्या में परंपरा और मॉडर्निटी एक साथ बसती है। मैं इस ग्लोबल स्पिरिचुअल कैपिटल में अपना घर बनाने के लिए बेकरार हूं। अभिनंदन लोढ़ा ने इसे कंपनी के लिए मील का पत्थर बताया। कहा कि द सरयू में अमिताभ बच्चन का 'पहले नागरिक' के तौर पर स्वागत करके काफी खुशी है। यह जगह राम मंदिर से 15 मिनट की दूरी पर है। वहीं अयोध्या एयरपोर्ट से इसकी दूरी 30 मिनट की है।

## अयोध्या भेजने के लिए अब तक चार लाख लड्डू बनकर तैयार, मोहन ने लिया जायजा



### श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की भोग लड्डू निर्माण इकाई पहुंचे सीएम यादव

**उज्जैन**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की भोग लड्डू निर्माण इकाई पहुंचे और यहां से अयोध्या भेजे जाने वाले भोग के लड्डुओं के निर्माण का जायजा लिया। डॉ यादव सुबह चिंतामन जवासिया स्थित श्री महाकालेश्वर भगवान के भोग लड्डू निर्माण इकाई पहुंचे। यहां उन्होंने लड्डू इकाई में बैठकर लड्डू बनाए और पैकिंग भी की। डॉ यादव ने यहां उपस्थित कारीगरों से चर्चा की। इस दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक व अपर कलेक्टर संदीप कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री को लड्डू प्रसाद के संबंध में जानकारी दी।

डॉ यादव ने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए यहां से पांच लाख लड्डू भोग के लिए भेजे जाने की घोषणा की थी। इसी क्रम में अब तक चार लाख लड्डू बनकर तैयार हो गए हैं। ये प्रक्रिया लगातार जारी है।

प्रबंध समिति ने जानकारी दी कि लड्डू प्रसाद बेसन, रवा, शुद्ध घी और सूखे मेवों से बनाया जा रहा है। लड्डू प्रसाद निर्माण के लिए अतिरिक्त कारीगरों व कर्मचारियों को लगाया गया है। लड्डुओं को पैकेट में पैक कर अयोध्या भेजा जाएगा, एक लड्डू का वजन लगभग 50 ग्राम है।

## प्रशासन ने हटाया कब्जा : 70 हेक्टेयर जंगल काटकर अवैध रूप से बसे 30 लोगों को किया बेदखल



**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले के उदंती अभयारण्य में 70 हेक्टेयर वनभूमि को काटकर अवैध रूप से बसे 30 लोगों को बेदखल करने की कार्रवाई बुधवार को की गई। इसके लिए 4 वनमंडल से 40 महिला वनरक्षक के अलावा वन प्रबंधन समिति की महिला सदस्यों समेत 250 स्टाफ दिनभर डटे रहे।

उदंती सीतानदी अभयारण्य में टांगरान के जंगल में अवैध कब्जा कर बसे 30 परिवार को बेदखल किया गया है। इनमें से 23 लोग ओडिशा नवरंगपुर के रहने वाले हैं। अतिक्रमण करने वाले 13 आरोपी भी हिरासत में लिए गए हैं, जिन्हे गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। उपनिदेशक द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अब तक 600 हेक्टेयर से भी ज्यादा वन भूमि से 250 से ज्यादा लोगों का कब्जा हटाया जा सका है। खाली कराए गए वन भूमि पर वानिकी का काम कराया गया है। कार्रवाई के दौरान पहले अतिक्रमणकारी महिलाओं को आगे कर कार्रवाई से बचने का प्रयास करते थे। इस बार इसकी पुनरावृत्ति होने से पहले अभयारण्य प्रशासन ने महासमुंद, कांकेर, केशकाल और धमतरी वनमंडल की महिलाकर्मियों की मदद ली थी। महासमुंद की महिलाकर्मी ने अपने 8 महीने के दूधमुंहे बच्चे के साथ इस अभियान की सहभागी बन साहस का परिचय दिया, जिसकी सभी ने सराहना किया।

### कोर्ट ने भी उचित कार्रवाई के दिए थे निर्देश

अतिक्रमणकारियों को वन विभाग ने 2 बार कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसके खिलाफ उनके द्वारा उच्च न्यायालय में 2 बार याचिका लगाई गई थी। इसमें कोर्ट द्वारा वन विभाग की कार्रवाई को गलत नहीं बताया गया था और नियम अनुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। जुलाई में हाईकोर्ट के फैसले के बाद अगस्त 2023 में अतिक्रमणकारियों ने उप सचिव (वन विभाग) के बेदखली आदेश के खिलाफ अपील की थी। उप सचिव द्वारा 2 बार सुनवाई करने के बाद वन विभाग द्वारा दिए गए ढ्ढस्ह्र इमेजरी के साक्ष्य को सही मानते हुए अपील 13 दिसंबर 2023 को खारिज कर दी गई थी। कब्जा हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों का सभी घरेलू सामान (सोलर पैनल, टिन शेड, बर्तन, झिल्ली) संबंधित पटवारी के सामने उन्हीं को सुपुर्द कर दिया गया और वनोपज की जब्ती की गई।

### मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान के साथ प्रयागराज में शुरू हुआ माघ मेला

**प्रयागराज।** सर्द हवाओं और ठंडे तापमान का सामना करते हुए, लाखों श्रद्धालुओं ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में नदियों में पवित्र डुबकी लगाई, जो माघ मेले की शुरुआत का प्रतीक है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला राजीव नारायण मिश्रा ने कहा, अर्धसैनिक बलों की कंपनियों सहित लगभग 5,000 कर्मियों की तैनाती के बाद पूरा मेला परिसर एक किले में तब्दील हो गया है और श्रद्धालुओं ने आधी रात से ही पवित्र स्नान करना शुरू कर दिया है। मेला पुलिस ने 15 जनवरी के स्नान के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है और इस अवसर पर लगभग 70 लाख श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान करने की संभावना है। मकर संक्रांति 53 दिवसीय माघ मेले का पहला प्रमुख स्नान दिवस है।

# मोदी की गारंटी पूरी करने हर दिन कर रहे काम : सीएम साय

- **पमशाला कंवर धाम में आयोजित तीन दिवसीय महासम्मेलन और संक्रांति मेला में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय**

**रायपुर।**

हमारी सरकार बने हुए एक महीने हुए हैं और हम हर दिन मोदी जी की गारंटी पूरा करने संकल्पित होकर काम कर रहे हैं। हमने 18 लाख से अधिक जरूरतमंदों के लिए आवास की स्वीकृति पहले ही कैबिनेट में दी। अटल जी की जयंती सुशासन दिवस के दिन हमने 12 लाख से अधिक किसानों को 3716 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पमशाला कंवर धाम में आयोजित तीन दिवसीय महासम्मेलन और संक्रांति मेला में कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इब नदी पर एनीकट निर्माण की घोषणा की। साथ ही पमशाला में कंवर समाज के सामाजिक भवन के जीर्णोद्धार के लिए 50 लाख रूपए की राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सामाजिकजनों को संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि कल ही भगवान सूर्य का पर्व मकर संक्रांति मनाया गया। पूरे देश में यह पर्व अलग नाम और विधियों से मनाया जाता है। कंवर धाम में प्रतिवर्ष यह आयोजन होता रहा है। हर वर्ष तीन दिनों तक यहां उपस्थिति देता रहा हूं। इस बार पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी मिली है तो समापन पर ही आ सका हूं। लेकिन विश्वास है पिछले तीन दिनों में यहां बहुत से सामाजिक विमर्श हुए हैं। यहां सामूहिक विवाह भी हुआ है। सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने में ऐसे आयोजनों की महती भूमिका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की गारंटी पर आप सभी ने भरोसा किया है। जो विश्वास पूरे





प्रदेश के लोगों ने हम पर किया, उस पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री का पद एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। आप लोगों का साथ और सहयोग मिलेगा और इससे यह जिम्मेदारी बखूबी निभाऊँगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। पीएससी 2021 में भ्रष्टाचार की जांच हमने सीबीआई को सौंपी है। किसानों के लिए की गई घोषणा पर अमल करते हुए 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। विवाहित महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना प्रारंभ की जा रही है उन्हें साल में 12 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषित करते हुए पीएम जनमन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम कर रहे हैं। जिससे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्य विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें। इस मौके पर विधायक पत्थलगांव गोमती साय, अखिल भारतीय कंवर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत साय, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, पूर्व सांसद नंद कुमार साय, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी एमएस पैंकरा एवं आरपी साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के सपनों का भारत बनाने सबका योगदान जरूरी : श्याम बिहारी जायसवाल

## मनेंद्रगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री



**बुलंद मीडिया, रायपुर**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सोमवार को अपने गृह जिले मनेन्द्रगढ़ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के सपनों के भारत को बनाने बहुत बड़ा अभियान है, इसमें सबका योगदान जरूरी है। जिसमें लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही उन्हें योजनाओं का लाभ भी तुरंत मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 38 करोड़ खातों का खुलवाना एक ऐतिहासिक कदम है। माता एवं बहनों के नाम से नि:शुल्क गैस चूल्हा और गैस सिलेंडर देना। अब माताओं और बहनों की आंखे धुएं से नहीं जलती। आम आदमी ने कभी सोचा नहीं था कि वह भी पक्के मकान में रह सकेगा। पर उनके लिए प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया कि हर गरीब परिवार को पक्का का मकान मिले। छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास के 18.50 लाख अधूरे आवास को पूर्ण करने निर्णय लिया है। जायसवाल ने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि 22 जनवरी 2024 को 500 सालों के बाद प्रभु श्रीराम की अपने अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। आप लोग भी इसके सहभागी बने अपने शहर, मंदिर और घर को साफ-सफाई रखते हुए खूब सजाये, दिये जलाये, दिवाली की तरह मनाएं। उन्होंने लोगों से योजनाओं में शामिल होने के लिए पंजीयन कराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान खेलो इंडिया और खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। महमूद अन्सारी ने प्रधानमंत्री आवास, श्रीमती मिनल मिश्रा में मातृत्व वंदना के तहत अपने अनुभव को मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभार्थी ने साथ के साझा किया।

ऑन स्पॉट सर्विस- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के आने पर लोगों में बहुत ज्यादा उत्साह देखने को मिला। स्वास्थ्य विभाग के योजना का लाभ लेते हुए 80 लोगों का ओपीडी हुआ, जिसमें 38 सिकलसेल के मरीज पाये गये। इसी प्रकार टी.बी. के 40 मरीज पाये गये। उज्ज्वला योजना के 170 आवेदन जमा किये गये। खाद्य विभाग से 588 राशन कार्ड बनाने के आवेदन जमा किये गये। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हेतु 77 आवेदन जमा हुये। प्रधानमंत्री स्वनिधि के 67 आवेदन जमा किये गये। प्रधानमंत्री आवास के लिए 583 आवेदन जमा किये गये। इसी प्रकार पेंशन के कई आवेदन जमा किये गये। जायसवाल ने हितग्राहियों को किया चेक का वितरण विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के पात्रताधारी हितग्राहियों को जायसवाल द्वारा चेक वितरित किए गए। जिसमें श्रीमती कौशल्या देवी को 2 हजार, विनोद कुमार, श्रीमती पुष्पा यादव, श्रीमती सावित्री, संदीप, दिनेश गुप्ता को 10-10 हज़ार, अरविंद अग्रवाल को 20 हजार रूपये, अजय प्रताप, मो. सफी दीप चन्द गुप्ता को 50-50 हजार रुपए के चेक वितरित किए गए।

## लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, मामले में एक आरोपी है फरार ..!



**बुलंद मीडिया, तिल्दा**

ड्यूटी पर जा रहे एक व्यक्ति से लूट का मामला सामने आया है।शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपीयों को धर दबोचा है ,वही दो आरोपी का शहर में पैदल जूलूस भी निकाला गया है।मामला तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र का है,उपनिरीक्षक बी.के. सोम ने बताया कि ग्राम नकटी कुम्हारी निवासी पीड़ित प्रेमलाल वर्मा बाईक से तरीकबन रात्रि 09:30 बजे ग्राम सरोरा में संचालित उद्योग संभव स्पंज में प्रतिदिन की तरह ड्यूटी में जा रहा था ,इसी दरम्यान कोटा नाला के समीप बाईक सवार तीन अज्ञात युवकों ने पीड़ित का रास्ता रोककर मारपीट करते हुए मोबाइल व पर्स छीन लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपी संजय साहू व यश निषाद को गिरफ्तार कर शहर मे जूलूस निकालते हुए न्यायालय में पेश किया,वहीं एक आरोपी विनोद?पाल को फरार बताया जा रहा है पुलिस फरार आरोपी की खोज कर रहे है ।

## तपन सरकार गिरफ्तार, हत्या सहित कई मामलों में है आरोपी...



**बुलंद मीडिया, रायपुर**

दुर्ग के गैंगस्टर तपन सरकार को राजधानी से गिरफ्तार किया गया है। तपन सरकार पर होली के दौरान शुभम राजपूत की हत्या कराने सहित कई अपराध दर्ज है। हालांकि इस मामले में दुर्ग पुलिस ने हत्या के आरोपी को घटना के बाद पकड़ लिया था। दरसअल, खुर्सीपार में 9 मार्च 2023 को होली के दिन शुभम राजपूत नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद पुलिस ने आरोपी सेवक निषाद को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में तपन का भी नाम इस वारदात में सामने आया था, जिसके बाद पुलिस ने तपन के घर पर छापेमार कार्रवाई भी की थी। लेकिन तपन सरकार पुलिस के आने से पहले ही फरार हो गया था। दुर्ग पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। इस दौरान रायपुर पुलिस को पता चला कि दुर्ग का गैंगस्टर रायपुर में छुपा हुआ है।

## खराब गुड़-चना की सप्लाई करने पर होगी कार्रवाई : दयालदास बघेल

### खाद्य मंत्री ने उचित मूल्य दुकान में अच्छी गुणवत्ता वाले चावल की आपूर्ति के निर्देश दिए




**रायपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल ने सोमवार को नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड सभाकक्ष में जिला प्रबंधक एवं प्रभारी जिला प्रबंधकों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने समीक्षा बैठक में नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को चावल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर प्रबंधक संचालक के.डी कुंजाम और नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। मंत्री बघेल ने गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री दयालदास बघेल ने राज्य के सभी 33 जिलों के उचित मूल्य दुकानों में राशन का भण्डारण प्रत्येक माह निर्धारित समय में करने के लिए कहा है, ताकि लोगों को समय पर चावल, शक्कर, गुड़, चना, नमक मिल सकें। सरगुजा और बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचल में गुड़ और चना की गुणवत्ता में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चावल की गुणवत्ता का परीक्षण करते समय शासन द्वारा निर्धारित मानक गुणवत्ता का पालन करने के भी निर्देश दिए हैं। मंत्री बघेल ने कहा कि उचित मूल्य दुकान के माध्यम से लोगों तक अच्छे चावल पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। चावल की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किए जाएंगे। समीक्षा बैठक में अधिकारियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

## डिप्टी सीएम शर्मा ने एक ही परिवार के 3 सदस्यों के निधन पर जताया शोक

**बुलंद मीडिया, रायपुर**



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत माठपुर के आश्रित ग्राम नागाडबरा में रविवार देर रात्रि घर में आग लगने से पति, पत्नी व उनके 12 वर्षीय पुत्र के निधन होने पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने पूरी घटनाक्रम की जानकारी पुलिस अधीक्षक से ली। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को घटनाक्रम की बारिकी से जांच करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा आज ग्राम पंचायत माठपुर के आश्रित ग्राम नागाडबरा पहुंचकर पीड़ित परिवार जनों से भेंटकर अपनी संवेदना व्यक्त की और घटना की पूरी जानकारी प्राप्त कर परिवारजनों को हर संभव मदद करने आश्वस्त किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश के बाद कलेक्टर जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव संयुक्त रूप से घटना स्थल ग्राम पंचायत माठपुर के आश्रित ग्राम नागाडबरा पहुंचे और घटना की बारिकी से जानकारी ली।

## कलेक्टर जनचौपाल में दो महिलाओं को मिला रोजगार



**बुलंद मीडिया, रायपुर**

जन चौपाल में सोमवार को जब कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह मुलाकातियों से मिल रहे थे, इसी दौरान दो महिलाएं भी रोजगार सहायता के लिए मदद मांगने उनके पास पहुंची थी। कलेक्टर ने उनकी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी ली। उन्होंने नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को निर्देशित कर महिला को रोजगार से जोड़ने कहा। दोनों महिलाओं को इसी जन चौपाल में ही जॉब ऑफर दिया गया, अब प्रशिक्षण उपरांत ये महिलाएं रोजगार से जुड़कर अपने परिवार के लिए आर्थिक सहयोग कर सकेंगी। जन चौपाल में अनिशा नामदेव अपने पांच महीने के शिशु के साथ नौकरी का आवेदन लेकर पहुंची और अपनी व्यथा से कलेक्टर डॉ. सिंह को अवगत कराया। इसी तरह स्नातकोत्तर की डिग्री लेकर रूपा वर्मा भी रोजगार की आस में कलेक्टर जन चौपाल पहुंची थी। उन्होंने भी बताया कि जरूरतमंद परिवार से है और परिवार के पालन-पोषण में हो रही परेशानियों को दूर करने वह रोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत होने लंबे समय से संघर्ष कर रही है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने महिलाओं को यह भी अवगत कराया कि पी.एम. स्वनिधि, पी.एम. विश्वकर्मा आदि जैसी कई योजनाएं केन्द्र व राज्य सरकार संचालित कर रही है, जिसका लाभ उठाकर युवा विशेषकर महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में भी अपने कदम आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कलेक्टर के निर्देश पर निगम आयुक्त मिश्रा ने इन दोनों महिलाओं को बी.पी.ओ. कॉल सेंटर में प्रशिक्षण उपरांत रोजगार से जोड़ने जन चौपाल में ही निर्देशित किया। अब ये महिलाएं सघन प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़कर अपने परिवार के लिए आय अर्जित कर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी।

## हार-जीत का खेल खेलते 6 जुआरी दबोचे गए



**बुलंद मीडिया, रायपुर**

राजधानी के टिकरापारा थाना इलाके में पुलिस ने 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली थी कि कमल विहार सेक्टर 4 में अवैध रूप से तास पत्ती से हार जीत का जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना को पुलिस गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम जयप्रकाश बढ़ई एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी तथा थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश रावटे टिकरापारा को घटना स्थल का तस्दीक कर जल्द से जल्द कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी द्वारा प्र0 आरक्षक 1624 प्रदीप कुमार कुर्रे, आरक्षक 2275 अश्वन साहू, 2035 रविन्द्र सिंह, 2397 देवचंद सिन्हा, 232 अश्वनी टंडन, का संयुक्त टीम तैयार कर टीम के सदस्यों द्वारा प्राप्त मुखबीर के सूचना तस्दीक एवं रेड कार्यवाही हेतु मौके के लिए रवाना हुआ जहां पर कमल विहार सेक्टर 4 के पास सार्वजनिक स्थल में 06 व्यक्ति 52 पत्ती तास से रूपया पैसा का हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते मिला जुआ खेल रहे फड़ से कुल 52,500/रु जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध अपराध कमांक 11/2024 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में जप्त किये संपत्ति 52,500 / रु नगदी एवं 52 पत्ती तास।

**गिरफ्तार आरोपी**

01. मोनू शर्मा पिता विरेन्द्र शर्मा उम्र 46 साल साकिन केनाल रोड अमलीडीह थाना राजेन्द्र नगर जिला रायपुर। 02. मुनीर खान पिता नजीर खान उम्र 63 साल निवासी मालवीय रोड सदर बाजार थाना सिटी कोतवाली जिला रायपुर। 03. सुनील रोचलानी पिता स्व0 नंदीराम रोचलानी उम्र 51 साल निवासी कुकरेजा फार्म हाउस अमलीडीह थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर। 04. संजय थारवानी पिता स्व0 लक्ष्मीचंद थारवानी उम्र 48 साल निवासी अमलीडीह मारूति रेसीडेंसी थाना न्यू राजेन्द्र नगर जिला रायपुर। 05. कृष्णा तांडी पिता राजू तांडी उम्र 23 साल निवासी अमलीडीह थाना न्यू राजेन्द्र नगर जिला रायपुर। 06. विनोद लालवानी पिता स्व0 दयाराम लालवानी उम्र 50 साल निवासी अमलीडीह थाना न्यू राजेन्द्र नगर जिला रायपुर।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश की जनता की आवाज़ है : कांग्रेस

**बुलंद मीडिया, रायपुर**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के पश्चात, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत हुई जिसे अपार जनसमर्थन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ से हम सभी इस यात्रा में शामिल हुये और राहुल गाँधी के अगुवाई में यात्रा प्रारंभ हुई जिसने देशभर के कांग्रेस नेता और हज़ारो आम नागरिक जन मौजूद रहे। मणिपुर के इम्फाल से लेकर मुंबई तक 6700 किमी गुजरेगी, 20 मार्च को समापन होगा और ऐतिहासिक जनसमर्थन मिल रहा है। निश्चित रूप से हमारे नेता राहुल गांधी की इस यात्रा से देश में नया बदलाव होगा एक नया संदेश जायेगा। दीपक बैज ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रभाव देश के गरीब, युवा, माता-बहनो को न्याय दिलाने की यात्रा है। हमारे नेता राहुल गांधी पहुंचेगे और उन सब की भावनाओ सुनेंगे और उनसे चर्चा करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में न्याय का एजेंडा बनाकर जनता के बीच चुनाव में जायेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मणिपुर में ऐतिहासिक जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का आदि गुरु शंकराचार्य भी विरोध कर रहे है, उनका कहना है कि राम मंदिर का निर्माण अधूरा है, पूर्ण मंदिर निर्माण में अभी काफी समय है फिर इतनी जल्दबाजी क्यो की जा रही रही है? मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उचित समय रामनवमी है तो इसी दिन ही होना चाहिये। भाजपा इसे चुनावी मुद्दा बनाना चाहती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार के मुद्दे पर, महंगाई के मुद्दे पर, देश की सुरक्षा के मुद्दे पर, बहुत सारे मुद्दे को लेकर चुनाव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है इसलिये राम मंदिर के नाम से प्रोपोगंडा कर देश की जनता के भावनाओं से खेल कर चुनाव लड़ना चाहते है। कांग्रेस पार्टी के लिये राम मंदिर चुनाव का मुद्दा नहीं आस्था का विषय है। देश की जनता को आज महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दो से जूझ रही है, इस पर भाजपा और मोदी सरकार मौन है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो राहुल गाँधी के अगुवाई में जनता के हितो के लिये जनता के बीच निकली जिसका उद्देश जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है इसलिये यह यात्रा सफल और ऐतिहासिक होगी।

### ऊर्जा शिक्षा उद्यान में मिशन लाईफव ऊर्जा संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## पीएम मोदी ने विश्व के समक्ष मिशन लाईफ का दिया परिचय





**बुलंद मीडिया, रायपुर**

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26वाँ संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में विश्व के समक्ष मिशन लाईफ का परिचय दिया। सभी को अपने दैनिक जीवन में सरल एवं पर्यावरण अनुकूल कार्य करने के उद्देश्य से मिशन लाईफ मुहिम भारत सरकार द्वारा व्यापक रूप से देशभर में चलाया जा रहा है। इस क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार उक्त महत्वकांक्षी मुहिम को राज्य में वृहद् स्तर पर क्रियान्वित किया जाना है। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा रविवार को ऊर्जा शिक्षा उद्यान, रायपुर में मिशन लाईफ एवं ऊर्जा संरक्षण के विषय पर आगंतुको हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मिशन लाईफविषय पर क्वीज का भी आयोजन किया गया। क्वीज प्रतियोगिता में शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं आगंतुकों द्वारा बहुत ही उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिये गये तथा प्रतिभागियों से सुझाव भी दिए। क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा द्वारा छात्र-छात्राओं को मिशन लाईफ के विषय पर जानकारी दी गयी तथा उनके द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। क्रेडा द्वारा संचालित जनकल्याणकारी परियोजनाओं के लाभ लिये जाने हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया एवं इस मुहिम को गांव-गांव, शहर-शहर पहुंचाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को आने वाले समय में व्यापक रूप से छत्तीसगढ़ के समस्त ऊर्जा शिक्षा उद्यानों में आयोजित किये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम को निहार रंजन साहू, परियोजना समन्वयक, क्रेडा द्वारा संचालित किया गया तथा उनके द्वारा मिशन लाईफ एवं ऊर्जा संरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में क्रेडा के जे.एन- बैगा, कार्यपालन अभियंता, सिद्धार्थ कमाविसदार, सहायक अभियंता, डॉ. प्रियंका पचौरी, परियोजना समन्वयक एवं विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रूस के हाथ लगा सोने का खजाना, प्रतिबंध झेल रहे पुतिन के देश को मिली गोल्ड की खदान

**बुलंद मीडिया, रूस**

रूस इन दिनों यूक्रेन से जंग लड़ रहा है। इस जंग को अगले महीने दो साल होने को हैं। लंबी जंग के बीच उस पर पश्चिमी देशों ने आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। अपनी इकोनॉमी से जूझ रहे रूस के हाथ एक बड़ा सोने का खजाना लग गया है। प्रतिबंध झेल रहे रूस को अपने सुदूर पूर्वी इलाके में सोने की बड़ी खदान मिल गई है। खुद रूस ने इस सबसे बड़ी सोने की खदान मिलने की घोषणा की है। यह खदान पूर्वी संघीय इकाई चुकोटका में स्थित है। रूस का बड़ा दावा है कि इस खदान में 100 टन से ज्यादा मात्रा में सोने का भंडार मौजूद है। ऐसा माना जा रहा है कि 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद यह रूस में सोने की सबसे बड़ी खोज है। सोने की इस बड़ी खदान मिलने को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए सबसे बड़ी राहत की खबर मानी जा रही है। क्योंकि रूस पिछले करीब दो साल से यूक्रेन से जंग लड़ रहा है। इस दौरान उसे काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वहीं पश्चिमी देशों ने अलग उस पर प्रतिबंध लगा रखा है। ऐसे में प्र?तिबंधों और जंग का सामना कर रहे पुतिन के देश रूस को इस



खदान के मिलने से बड़ी राहत और खुशी मिली है। क्योंकि यह सोने की खदान की खोज बड़ी अहम मानी जा रही है। जानिए कब से शुरू हो जाएगा सोने का खनन इस सोने की खदान के मिलने की घोषणा रूस की सरकारी कंपनी रोसाटॉम के खनन माइनिंग डिवीजन ने की है। उन्होंने एक बयान में बताया कि सोविनोय खदान में ड्रिलिंग का काम सालभर किया जाता था। बयान के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में 32 किमी से अधिक की कुल लंबाई वाले 123 कुएं खोदे गए हैं। सभी पूर्वेक्षण, स्थलाकृतिक–भूगर्भीय, भूवैज्ञानिक–भूरासायनिक और भूभौतिकीय कार्य पूरे हो चुके हैं।फ्र कंपनी ने कहा कि सोविनोय खदान का वार्षिक उत्पादन 2029 से 3 टन सोने से शुरू होने की उम्मीद है।

### 6 साल बाद रूस होगा सोने का सबसे बड़ा उत्पादक देश

रूसी मीडिया ने पहले मॉस्को स्थित सेंट्रल रिसर्च एक्स्प्लोरेशन इंस्टीट्यूट आफ नॉन फेरस एंड प्रेशियस मेटल्स की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया था कि रूस में 2030 में अपने सोने के उत्पादन में चरम पर पहुंच सकता है। बता दें कि सोविनोय की खदान चकची सागर के पास स्थित है। इसकी स्थापना 1970 के दशक में की गई थी। इसके बाद 1980 के दशक में इस क्षेत्र में उच्च श्रेणी की सोने की खोज करने के लिए व्यापक भूवैज्ञानिक अन्वेषण किया गया। इसी दौरान इस इलाके के सोने से भरे होने की जानकारी सामने आई थी।

## जब सोमनाथ में भी मंदिर पूरा बनने से पहले शिवलिंग की हुई थी प्राण प्रतिष्ठा, खुद राष्ट्रपति थे मौजूद



**एजेंसी,नई दिल्ली**

अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन रहा है। इसे लेकर एक विवाद इन दिनों चर्चा में बना हुआ है, जिसमें यह कहा जा रहा है कि राम मंदिर बनकर अभी तैयार नहीं हो सका है। ऐसे में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करना अशुभ है। हालांकि ऐसा ही किस्सा पहले भी देखने को मिल चुका है। दरअसल एक किताब है। किताब का नाम है 'प्रभास तीर्थ दर्शन सोमनाथ'। इस किताब के लेखक हैं जेडी परमार। इस किताब सोमनाथ मंदिर के निर्माण के ईर्द–गिर्द लिखी गई है। इस किताब के मुताबिक 19 अप्रैल 1950 को सौराष्ट्र के मुख्यमंत्री उच्छंगराय नवलशंकर ढेबर ने सोमनाथ मंदिर की भूमिखनन विधि को संपन्न किया। 22 जनवरी को पहुंचना चाहते हैं अयोध्या? जानिए फ्लाइट टिकट और होटल रूम के क्या चल रहे रेट इसके बाद मंदिर का निर्माण कार्य जारी रहा। सबसे पहले पत्थर से मंदिर में फर्श को तैयार किया गया। इसके बाद सोमनाथ मंदिर में गर्भगृह को तैयार किया गया। इसके बाद 11 मई 1951 को देश के तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की। बता दें कि जब प्राण–प्रतिष्ठा की गई, तो उस दौरान भी मंदिर का निर्माण कार्य जारी था। इसके बाद अंत में जब सभामंडर और शिखर का निर्माण पूरा हो गया तब सोमनाथ ट्रस्ट के तत्कालीन अध्यक्ष महाराजा जामसाहेब दिग्विजय सिंह ने महारूद्रयाग करवाया। 13 मई 1965 को सोमनाथ मंदिर में कलश प्रतिष्ठा की गई और कौशेय ध्वज को लहराया गया। बता दें कि सोमनाथ मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा काफी पहले हो गई। बावजूद इसके मंदिर का निर्माण कार्य जारी रहा। इसके बाद साल 1965 में पूरी तरह बनकर मंदिर तैयार हुआ। बता दें कि देश में इन दिनों राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक विवाद चल रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हुए बगैर प्राण प्रतिष्ठा करना अशुभ है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि पहले भी इतिहास में ऐसा कई बार हो चुका है। बता दें कि विपक्ष भी इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर खूब निशाना साध रहा है।

## सार समाचार

### उद्धव ठाकरे पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, विधानसभा अध्यक्ष के 'असली शिवसेना' के फैसले को दी चुनौती

**महाराष्ट्र।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के मुखिया और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 'असली शिवसेना' के फैसले को चुनौती दी है। दरअसल, नार्वेकर ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे वाली शिवसेना को 'असली शिवसेना' बताया था। स्पीकर ने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था। 10 जनवरी को अयोग्यता याचिकाओं पर अपने फैसले में स्पीकर ने किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया था। नार्वेकर ने कहा था कि कोई भी पार्टी नेतृत्व अंदरूनी असंतोष या अनुशासनहीनता को दबाने के लिए संविधान की 10वीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) के प्रावधानों का उपयोग नहीं कर सकता है। स्पीकर ने कहा था कि जून 2022 में जब पार्टी विभाजित हुई तो शिंदे समूह को पार्टी के कुल 54 विधायकों में से 37 का समर्थन था। चुनाव आयोग ने 2023 की शुरुआत में शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'शिवसेना' नाम और 'धनुष और तीर' निशाना सौंप दिया था।

### कर्नाटक में एक ही परिवार के चार की मौत

**नई दिल्ली।** मकर संक्रांति के दिन खरीददारी के लिए जा रहे परिवार हादसे का शिकार हो गया। इस सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। गौरतलब है कि मकर संक्रांति के दिन कोल्लेगल में कपड़े खरीदने के परिवार बाहर निकला था। जिनकनहल्ली के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें परिवार के चारों लोगों की मौत हो गई।

### असम में वाहन पलटने से एक मजदूर की मौत, 17 घायल

**असम।** लखीमपुर जिले से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। जहां एक पिकअप वैन के पलटने से एक मजदूर की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पिकअप वैन उस वक्त बेकाबू हो गया, जब उस पर 18 मजदूर सवार थे। पिकअप वैन बेकाबू होकर बंदरदेवा के पास पलट गया। गौरतलब है कि बिहरपुरिया के एक ईंट भट्ठे में काम के लिए मजदूरों को ले जाया जा रहा था।

# जय सिया राम' के नारे लगाते काशी से अयोध्या रवाना हुआ वैदिक ब्राह्मणों का दल

**एजेंसी, वाराणसी**

अयोध्या के नए मंदिर में रामलाल विराजमान होने वाले हैं। 22 जनवरी को दोपहर 12:30 के अभिजीत मुहूर्त के बीच 84 सेकेंड के विशेष काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला को गर्भगृह में विराजमान करेंगे। इसके लिए 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े हुए अनुष्ठान की शुरुआत हो जाएगी। काशी से भगवान शिव का प्रतिनिधित्व करने वाले वैदिक ब्राह्मण आज वाराणसी के कारसेवक स्व. गौरी शंकर चौधरी पार्क से जब रवाना हुए तो सभी 55 वैदिक ब्राह्मणों से रवाना होने के पहले काशीवासियों सहित आरएसएस औ विहिप से लोगों ने आरती उतार माल्यार्पण करते हुए पृष्ठ वर्षा कर स्वागत किया, तो वही शिव की नगरी में



जयश्री राम के नारे लगा उन्हें अयोध्या के लिए रवाना किया। मदन मोहन मालवीय की तरह मुझे काशी की सेवा का मिला मौका', पीएम मोदी बोले– ये मेरे लिए सौभाग्य की बात 15 जनवरी को दोपहर 11:40 बजे जब अभिजीत मुहूर्त लग जाता है, तब सभी काशी के वैदिक ब्राह्मण अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए रवाना हुए। वैसे तो वैदिक ब्राह्मणों का दल एक दिन पूर्व भी अयोध्या पहुंच चुका है। 14 जनवरी के भोर में ज्योतिषाचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविण सहित कुछ ब्राह्मण अयोध्या पहुंच चुके हैं। वहीं, आज करीब 55 वैदिक ब्राह्मण 2 लग्जरी बसों से हर–हर महादेव और जय श्रीराम करते हुए कूच कर गए। अब 16 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित सहित उनके पुत्र और 10 ब्राह्मण अयोध्या जाएंगे। देशभर से 150 वैदिक ब्राह्मणों को बुलावा पंडित जयराम दीक्षित ने बताया कि अब तक काशी से 70 ब्राह्मण जा चुके हैं। 10 ब्राह्मण कल रवाना होंगे और पूरे देश से 150 वैदिक ब्राह्मणों को इस अनुष्ठान के लिए बुलाया गया है। जब भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होगी, तो चारों वेदों का समावेश किया जाएगा, जो ब्राह्मण वर्ण के बाद बाद आचार्य निर्धारित करेंगे।

## अंकित सक्सेना हत्याकांड मामले में दोषियों की सजा पर सुनवाई टली, अब 31 को आएगा फैसला



**एजेंसी,दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2018 में हुए अंकित सक्सेना मर्डर मामले अदालत ने तीन लोगों को दोषी ठहराया था। इस मामले पर आज सुनवाई होनी थी। लेकिन तीस हजारी कोर्ट में यह सुनवाई टल गई है। इस मुद्दे पर अगली सुनवाई अब 31 जनवरी को होगी। कोर्ट ने दोषियों और अभियोजन पक्ष के वकील को हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दिया है। कोर्ट में दोषियों के वकील ने मामले की मीडिया रिपोर्टिंग पर भी सवाला उठाया और इसपर रोक लगाने की मांग की। अभियोजन पक्ष के वकील ने दोषियों के वकील की दलील का विरोध किया। कोर्ट ने दोषियों के वकील से नया आवेदन दाखिल करने को कहा है। अभियोजन पक्ष के वकील ने कहा कि कन्विक्शन का आदेश मीडिया में चलाया गया जो एक पब्लिक डॉक्यूमेंट है। बता दें कि साल 2018 में पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर में एक मुस्लिम लड़की से प्रेम करने के कारण अंकित सक्सेना की हत्या गला काटकर कर दी गई थी। इस मामले में अदालत ने विशेष समुदाय की लड़की की मां शहनाज बेगम, पिता अकबर अली और मामा मोहम्मद सलीम को दोषी ठहराया है। अदालत ने इस मामले पर कहा कि अभियोजन पक्ष ने कोर्ट ने यह साबित किया है कि विशेष समुदाय की लड़की से प्रेम करने के कारण अंकित की हत्या की गई।

**कैसे हुई थी अंकित सक्सेना की हत्या**

बता दें कि अंकित सक्सेना की आयु 23 वर्ष थी। वह पेशे से एक फोटोग्राफर था। वह करीब तीन साल से विशेष समुदाय की लड़की के साथ रिलेशन में था। लड़की के परिवार ने इस रिश्ते पर ऐतराज जताया। बता दें कि जिस दिन अंकित की हत्या की गई, उस दिन उसकी प्रेमिका अपने घर से निकल गई थी। इस कारण बौखलाए तीनों परिजनों ने इस घटना को अंजाम दिया। अंकित की मां की मानें तो लड़की के भाई और मामा ने अंकित के हाथ को पकड़ लिया। पीछे से लड़की के पापा आए। इसके बाद अंकित के गले को झुकाकर चाकू से काट दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी पूरी प्लानिंग के साथ हत्या करने के लिए आए थे।

## राजस्थान के शुद्ध शहद से होगा रामलला का अभिषेक



**एजेंसी, अलवर**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में रामलला की प्रतिमा का अलवर के शहद से अभिषेक किया जाएगा। वेंकटेश बालाजी दिव्यधाम के प्रमुख स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज की प्रेरणा से अलवर से 125 किलो शुद्ध शहद अयोध्या भेजा जाएगा। इस शहद से मंदिर में भगवान श्रीराम का अभिषेक किया जाएगा। अयोध्या प्रन्यास मंडल के संदेश पर अलवर से तुलसी, अजवायन, जामुन के पराग से तैयार विशेष शहद अयोध्या भेजने का निर्णय किया गया है। शनिवार को शहद के 125 डिब्बे भेजे जाएंगे मिली जानकारी के अनुसार, शहद के 1–1 किलो के 125 डिब्बे बनाए गए हैं। शहद भेजने के लिए विशेष रामरथ का निर्माण किया गया है। यह रथ 13 जनवरी यानी शनिवार को सुबह 9.30 बजे सुभाष चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर से अयोध्या के लिए रवाना होगा। सरयू तट पर दिवाली जैसा जश्न मनाया जाएगा बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण–प्रतिष्ठा समारोह की शाम सरयू तट पर दिवाली जैसा जश्न मनाया जाएगा, जहां इस दिन दीपोत्सव के साथ ही सरयू तट पर आतिशबाजी का भी आयोजन किया जाएगा। अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 22 जनवरी को होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने शुक्रवार को कहा कि 18 जनवरी से अयोध्या में निजी भवनों के निर्माण पर प्रतिबंध रहेगा। तैनात होंगे 250 गाइड उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को पर्यटन स्थलों की जानकारी देने के लिए 250 'पुलिस गाइड' तैनात किये जायेंगे।

## इंटरव्यू पैनल सदस्य ने नौकरी के बदले यौन शोषण करने की रख दी डिमांड

**एजेंसी,ग्वालियर**

महिलाओं के लिए समान अवसर की बात हर जगह कही जाती है, लेकिन ऐसा हो पाना मुश्किल ही नजर आता है। ग्वालियर के एक सरकारी विभाग में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यहां पर बीज विकास निगम में नौकरी देने के नाम पर छात्रा से गंदा काम करने की डिमांड रखने का मामला सामने आया है। वहीं पीड़िता द्वारा इसकी शिकायत करने पर क्राइम ब्रांच हरकत में आ गया है। क्राइम ब्रांच ने आनन–फानन में मामला दर्ज किया है। दरअसल, बीज विकास निगम में नौकरी के लिए आवेदन की मांग की गई थी। इसके लिए आवेदन करने पर कुछ छात्राओं को जॉब के लिए चुने जाने की सूचना दी गई। इसके साथ ही छात्राओं को नौकरी के लिए बुलाया गया। इतना ही नहीं जिन छात्राओं को बुलाया गया, उनके सामने गंदा काम करने की शर्त रखी गई। इसके लिए छात्राओं को साफ तौर पर वॉट्सएप के जरिए मैसेज किया गया था। मैसेज में लिखा था कि अगर नौकरी करने है तो उन्हें गंदा काम करना होगा। कृषि विश्वविद्यालय में दिया था इंटरव्यू इस मामले की शिकायत करने वाली पीड़ित



छात्रा रीवा की रहने वाली है, जो ग्वालियर में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। छात्रा ने बीज विकास निगम में संविदा भर्ती के लिए 3 जनवरी को कृषि विश्वविद्यालय में इंटरव्यू दिया था। वहीं इस इंटरव्यू पैनल में शामिल बीज निगम के प्रोडक्शन असिस्टेंट संजीव कुमार तंतुवे ने छात्राओं को वॉट्सएप पर मैसेज किया था। उन्होंने छात्राओं के सामने गंदा काम करने की शर्त रखी थी। इसके बाद 8 जनवरी को इस मामले की पुलिस से शिकायत की गई। इस तरह के मामले की शिकायत मिलने के बाद ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने आरोपी संजीव कुमार तंतुवे के खिलाफ मामला दर्ज लिया। साथ ही आरोपी का मोबाइल भी जब्त कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। साथ ही तीन दिन बाद निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आरोपी ने अपनी गलती भी कुबूल कर लिया।

# पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण ने बताया मिलिंद देवड़ा ने क्यों छोड़ी कांग्रेस? कहा- पहले वह बीजेपी में जाने वाले थे

**एजेंसी,मुबई**

कांग्रेस छोड़कर एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल होने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा के आरोपों पर पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने पलटवार किया है। सीनियर कांग्रेस नेता चव्हाण ने कहा कि देवड़ा को अगर इतनी घुटन रही थी तो वह पहले पार्टी छोड़कर क्यों नहीं गए। उन्होंने कहा कि मिलिंद देवड़ा जब तक मंत्री थे, सांसद थे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष थे तब तक कांग्रेस अच्छी थी लेकिन जब उन्हें हटा दिया गया तब कांग्रेस खराब हो गई। 55 साल से उनका परिवार कांग्रेस में है। कांग्रेस पार्टी का कल्चर क्या है ये मिलिंद देवड़ा को क्या पता नहीं था? संसद जाना चाहते थे देवड़ा पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि आज किस बात का साक्षात्कार मिलिंद देवड़ा को हुआ जो इस तरह की बातें वह कर रहे हैं। अगर मिलिंद देवड़ा को इतनी घुटन रही थी तो वह पहले पार्टी छोड़कर चले जाते। दरअसल, मिलिंद देवड़ा हर हाल में संसद में जाना चाहते थे। मिलिंद देवड़ा दो बार भारी मतों से अरविंद सावंत से हार चुके थे। ठाकरे सेना के साथ हमारा गठबंधन है। जहां पर शिवसेना(उद्धव) के साथ हमारा गठबंधन है और जिसने दो बार मिलिंद को हराया है। हम



कैसे उसे कह सकते हैं कि आप हट जाइए। सीट खाली करिए। ये बहुत मुश्किल था। बीजेपी से राज्यसभा जाने वाले थे लेकिन बात नहीं बनी पूर्व सीएम ने कहा कि इसी बात की बारगेनिंग कर मिलिंद देवड़ा राज्यसभा की सीट मांग रहें थे। पिछली बार मिलिंद देवड़ा को शायद किसी ने भरोसा दिया था कि उन्हें राज्यसभा मिल जाएगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं फिर भी वह लगातार कोशिश कर रहे थे। लोकसभा की सीट मांग कर वह राज्यसभा हासिल करना चाहतें थे। मिलिंद देवड़ा की बीजेपी से बातचीत हुई थी। वह यूपी से राज्यसभा का सदस्य बनना चाहते थे लेकिन बीजेपी से बात नहीं बन सकी। इसके बाद भी वह लगातार कोशिश कर रहे थे लेकिन उनकी मांग को किसी दल ने पूरा नहीं किया लेकिन अब लग रहा उनकी बात शिंदे से बन गई है। संगठन में इस तरह से करना होता है काम हमने भी पार्टी में कई मुद्दे रखे हैं, कई बार आपकी बात मान ली जाती है लेकिन कई बार आपकी बातें नहीं मानी जाती है। पार्टी इसी तरह से चलती है। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। अगर आप विचारधारा में यकीन रखते हैं तो पार्टी का नेता किस तरह से बर्ताव करता है वह कोई मायने नहीं रखता है। हम विचारधारा की वजह से इस पार्टी से जुड़े हुए हैं। संगठन में कुछ मुद्दों पर टकराव होता है, हर बार सभी की बातें मान नहीं ली जाती है, संगठन में इसी तरह से काम करना पड़ता है। शिंदे गुट से मिल सकता है टिकट शिंदे सेना इस बार मिलिंद देवड़ा को लोकसभा चुनाव में दक्षिण मुंबई सीट से उम्मीदवार बन सकती है या फिर अब जो राज्यसभा का चुनाव होना है। शिंदे गुट के पास एक सीट है वह मिलिंद देवड़ा को मिल सकती है।

## एमपी में दो दिन मनेगी मकर संक्रांति

# 14 को पतंगबाजी, 15 को दान-पुण्य; नर्मदा-शिप्रा में होगा स्नान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस बार मकर संक्रांति का पर्व दो दिन यानी 14-15 जनवरी को मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 15 जनवरी की अलसुबह 3 बजे सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करेगा। इस दौरान श्रद्धालु नर्मदा-शिप्रा समेत पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी भी लगाएंगे। 14 जनवरी को परंपरानुसार पतंगबाजी की जाएगी। मौसम के लिहाज से इस दिन आधे प्रदेश में घना कोहरा रहेगा। सुबह 10 बजे तक धूप निकलने के साथ कोहरा छंट जाएगा। हवा की रफ्तार एवरेज 10 किलोमीटर तक रहेगी। ऐसे में लोग पतंगबाजी का लुत्फ भी उठा सकेंगे। प्रतिबंध के बावजूद इंदौर, भोपाल, जबलपुर समेत अन्य शहरों में भी चाइनीज मांझे का प्रयोग जारी है। देखते हैं कि प्रदेशभर में कैसा मनेगा मकर संक्रांति का पर्व...

### भोपाल- संक्रांति महोत्सव में शामिल होंगे

भोपाल में सरकारी स्तर पर संक्रांति महोत्सव मनेगा। इसमें ष्टरूडॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। 14 जनवरी से दो दिवसीय काइट फेस्टिवल और एरो मॉडलिंग शो होगा। इसमें सीएम डॉ. यादव, मंत्री, विधायक, अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद हल्दी-कुमकुम का कार्यक्रम होगा। महिलाएं पारंपरिक परिधान पहन कर एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाएंगी। स्थानीय पतंगबाज पतंग उड़ाने का प्रदर्शन भी करेंगे। गुजरात से आए कलाकार विशेष जॉइंट काइट उड़ाएंगे।

### इन दो दिन में कैसा रहेगा मौसम

ढ्डस्ह्र भोपाल के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि 16 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी रहेगी। इससे पहले मध्यम से घना कोहरा रहेगा। 14 और 15 जनवरी को भी आधे प्रदेश में कोहरा रहेगा। ऐसे में सुबह 10 बजे तक पतंगबाजी में खलल पड़ सकता है। हवा भी चलेगी।

### पढ़िए, प्रदेशभर में कैसे मनेगी संक्रांति

उज्जैन में बाबा महाकाल को तिल के पकवानों का भोग

उज्जैन में 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। तड़के 4 बजे भस्म आरती में बाबा महाकाल को तिल के उबटन से स्नान कराया जाएगा। इसके बाद नए वस्त्र व सोने-चांदी के आभूषण से श्रृंगार



### रोटरी लब ऑफ इंदौर विनायकम का आयोजन 14 जनवरी को:गरीबों और जरूरतमंदों को दी जाएगी तिलगुड़ की मिठास और जरूरत का सामान

. **इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब ऑफ इंदौर विनायकम द्वारा 14 जनवरी को गरीबों और जरूरतमंदों को तिल गुड़ की मिठास दी जाएगी। इसमें 3 साल से 13 साल तक की 25 गरीब बच्चों को तिलगुड़ और जरूरत का सामान दिया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि सहायक मंडलाध्यक्ष वीरेंद्र व्यास होंगे। विशेष अतिथि दिप्ती संस्कार कोठरी होंगी। वितरण कार्यक्रम 14 जनवरी को शाम 5 बजे, आंचल संस्था साई कृपा कालोनी, महालक्ष्मी नगर से आगे किया जाएगा। रोटरी क्लब के अध्यक्ष बी एल जाजोदिया और सचिव आकाश अग्रवाल ने बताया कि ऐन.के.उपाध्याय, गुप्त दानी द्वारा, हर्षवर्धन दीक्षित, हर्षिला शर्मा ,संयोजक अनिमेष वर्मा, आकाश अग्रवाल, रश्मि सांकरे, रेखा बघेल, मनोरमा तिवारी, दीपा अक्षत गुप्ता, योगेश जिंदल जाजोदिया आदि साथी द्वारा सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर आंचल संस्था को जरूरत का सामान और कपड़े, खाद्य सामग्री भेंट स्वरूप दान की जाएगी।

## स्कूल से बंक मारकर भेड़ाघाट पहुंचे स्कूली बच्चे : दिन भर की मौज मस्ती, पत्थरों के बीच आग जलाकर बिताई रात


जबलपुर। शासकीय स्कूल तिलवारा में पढ़ने वाले चार छात्र गुरुवार को घर से निकले तो स्कूल जाने के लिए, लेकिन स्कूल न जाकर चारों बच्चे भेड़ाघाट घूमने चलें गए। गुरुवार की रात तक जब बच्चे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने तिलवारा पुलिस से बच्चों के घर न आने की शिकायत दर्ज करवाई। चारों ही बच्चे बहुत छोटे थे, लिहाजा उन्हें तलाश करना पुलिस के लिए एक चुनौती थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस अलर्ट हई। थाना प्रभारी तिलवारा ने चार बच्चों की गुमशुदगी की जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाली दुबे को दी। जिसके बाद चारों ही बच्चों को तलाश करने के निर्देश उनके द्वारा दिए गए। गुरुवार की रात से लेकर शुक्रवार की दोपहर तक पुलिस बच्चों को तलाश करती रही, आखिरकार बच्चे भेड़ाघाट में पुलिस को मिलें।



पहले से था प्लान घूमने का चारों ही बच्चे तिलवारा के रहने वाले है जो कि कक्षा 6वीं से 8वीं में पढ़ते है। जानकारी के मुताबिक चारों ही स्कूली छात्र जिसमें कि तीन लड़कियां है और एक लड़का। बुधवार को स्कूल से लौटते समय चारों ने प्लान बनाया कि नए साल का समय है, सभी लोग घूमने पिकनिक मनाने के लिए जा रहें है, हम लोग भी भेड़ाघाट चलते है। प्लान के मुताबिक चारों ने अपने स्कूल बैग में एक-एक जोड़ी कपड़े भी रख लिए।

गुरुवार की सुबह दस बजे चारों ही बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर घर से निकले तो स्कूल जाने के लिए लेकिन सीधे भेड़ाघाट चले गए। चारों ही बच्चों ने घर से बीस-बीस रुपए भी लिए थे। दिन भर की मौज मस्ती-रात रुक गए वहीं चारों ही बच्चे पहली बार बिना परिजनों के भेड़ाघाट गए थे। दिन भर उन्होंने खूब मस्ती की,पानी में खेला। बच्चों को पता ही नहीं चला कि कब दिन से शाम और फिर रात हो गई। जैसे-जैसे समय बीत रहा था, वैसे-वैसे उन्हें डर भी लग रहा था। आखिरकार बच्चे भेड़ाघाट में ही पत्थरों के बीच बैठ गए। रात में जब उन्हें ठंड लगी तो वहीं पर आग जला ली। इधर चारों बच्चों को रात भर पुलिस तलाश करती रही। पुलिस को ये भी अंदेशा हो रहा था कि बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना न हो गई हो। बच्चों को तलाश करने के लिए दो टीम बनाई गई, पर रात होने के कारण उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। दोस्तों ने बताया कि बोल रहे थे भेड़ाघाट जाने को तिलवारा थाना प्रभारी गायब हुए बच्चों को घर के आसपास भी परिजनों के साथ खूब तलाश किया, पर वो नहीं मिले।

### उषा उत्थुप बोलीं- मैं 100% ओरिजनल सिंगर: भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल में कहा- संगीत नहीं सीखा, योंकि मुझे लास से बाहर नकाल दिया था




**भोपाल।** भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल में पॉप सिंगर उषा उत्थुप ने कहा, मैं 100त्न ओरिजनल सिंगर हूं। संगीत मेरे खून में है। मेरा मकसद सबके चेहरे पर मुस्कुराहट लाना है। मैंने संगीत नहीं सीखा, क्योंकि मुझे तो क्लास चौथी में संगीत क्लास से बाहर निकाल दिया गया था। इसकी वजह यह था कि मेरी आवाज भारी थी। सोसायटी फॉर कल्चर एंड एनवायरनमेंट के 6वें भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल (बीएलएफ) का आगाज शुक्रवार को भारत भवन में हुआ। फेस्टिवल के पहले दिन कई विद्वान शामिल हुए। इनमें पॉप सिंगर उषा उत्थुप का भी सेशन रहा। करीब 1 घंटे तक उन्होंने अपने बारे में एक-एक बात बताई। दर्शकों के सवालों के जवाब भी दिए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा भी की। बातचीत के प्रमुख अंश म्यूजिक में करियर बनाने का ख्याल कैसे आया संगीत और मेरी ऑडियंस मेरे लिए सब कुछ है। एक कलाकार के लिए उसकी ऑडियंस के प्यार से बढ़कर और कुछ भी नहीं। लोग हमेशा सोचते हैं कि ये तो इंग्लिश गाती है, हमारे लिए क्या गाएगी। बाकी सिंगर्स की तरह मेरे पास 10 हजार, 20 हजार, 30 हजार ऑडियंस तो नहीं है, लेकिन मेरे पास आप लोग हैं, जो मेरे 54 साल के संगीत की कमाई हैं। बाय चांस मैं संगीत की दुनिया में आ गई। पहले से कोई प्लान नहीं था। मेरे पिता, दादा सब संगीत से ताल्लुक रखते हैं और मैं भी हिस्सा बन गई। तब सिर्फ रेडियो हुआ करता है। किसी को कॉपी नहीं कर सकते थे। मैं कह सकती हूं कि मैं 100 त्न ओरिजनल सिंगर हूं। संगीत मेरे खून में है। ज्यादातर लोगों ने सोचा कि ये साउथ इंडियन लड़की कांजीवरम साड़ी में नाइट क्लब में क्या कर रही है। मैंने पहले दिन 3-4 गाने गाए। फिर मैंने लोगों को बताया कि मेरा नाम उषा उत्थुप है। मैं बॉम्बे से हूं।

केरला में शादी हुई है और अब मैं कोलकाता में रह रही हूं। कलकत्ता के नाइट क्लब में इंग्लिश सॉन्ग कैसे गाने लगीं 1969 में सिर्फ एंग्लो इंडियन ही नाइट क्लब में गाना गाया करते थे। पहले का माहौल बहुत अलग था। सिर्फ लड़के/आदमी ही नाइट क्लब जाते थे। फिर मैं कांजीवरम साड़ी में गाने लगी।

### संघ के कार्यवाह को अज्ञात वाहन ने टकर मारी, मौत

पीथमपुर। सेक्टर-2 में बैठक में शामिल होने शुक्रवार को बाइक से जा रहे आरएसएस के पूर्व जिला कार्यवाह को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आरएसएस के पूर्व जिला कार्यवाह रामचरण यादव बाइक से बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही यादव के परिजन, संघ व भाजपा के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। साथ ही यादव के शव को शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यादव पांजरिया गांव के निवासी थे। यादव संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता होने के साथ ही महू ग्रामीण खंड संघ चालक व पूर्व जिला कार्यवाह भी रह चुके हैं।

### इंदौर पहुंची भारतीय रक्षा बलों को समर्पित नमन यात्रा महू में फौजियों के साथ फहराया तिरंगा

**इंदौर।** देश की अक्षुण्णता की रक्षा करने में सबसे ज्यादा योगदान सरहदों पर एवं देश में अटल एवं अनवरत खड़े रक्षा बलों का है। देश के इन जाबांजों के प्रति श्रद्धांजलि और सम्मान व्यक्त करने के लिए 27 नवम्बर को अमृतसर से निकली नमन और सम्मान यात्रा शुक्रवार को इंदौर पहुंची। टीम फेब फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस दौड़ का उद्देश्य भारतीय रक्षा बलों के प्रति आभार प्रकट करना, जागरूकता को बढ़ाना और एकता का संदेश देना है। इस दौड़ के नायक टीम फेब फाउंडेशन के फाउंडर एवं डायरेक्टर कुमार अजवानी हैं। मुंबई निवासी अजवानी ने बताया कि यह दौड़ हमारे देश के सभी रक्षा बलों को श्रद्धांजलि और सम्मान है। हम इस दौड़ के माध्यम से देश के रक्षा बलों के प्रति अपना आभार व्यक्ति करना चाहते हैं एवं देश पर जान न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं। इस यात्रा ने करीब 1200 किलोमीटर का सफर पूरा कर लिया है।



उनका उद्देश्य देशवासियों के मन में देशभक्ति की भावना को अमर करना है। 14 जनवरी को 'पूर्व सैनिक दिवस' पर वे महू जाकर ।

## शिवराज ने कहा- अपन रिजेटेड नहीं हैं... : पुणे में बोले- जहां जाते हैं वहां लोग कहते हैं मामा-मामा; यही असली दौलत

**भोपाल।** मुझे फॉर्मर चीफ मिनिस्टर कहा, लेकिन अपन रिजेक्टेड नहीं हैं। अपन छोड़ के भी आए तो ऐसे आए कि हर जगह जनता का स्नेह और प्यार मिलता है। जहां जाते हैं वहां लोग कहते है मामा-मामा-मामा, यही अपनी असली दौलत है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह बात महाराष्ट्र के पुणे में कही। वे यहां आयोजित छात्र संसद के आखिरी दिन 12 जनवरी को समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- छोड़ दिया, इसका मतलब ये नहीं है कि राजनीति नहीं करूंगा। मेरी राजनीति किसी पद के लिए नहीं, बड़े लक्ष्य के लिए है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा- क्या राजनीति में धन का प्रभाव खत्म करने के लिए तुम काम नहीं करोगे। क्या राजनीति केवल अमीरों की तिजोरी से चलेगी। अगर 35-40 करोड़ रुपए स्रूरु बनने के लिए खर्चा करोगे तो देश की सेवा करेंगे, प्रदेश की सेवा करेंगे। राजनीति से धन के प्रभाव को समाप्त करना होगा। पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने पुणे में आयोजित छात्र संसद के समापन सत्र को संबोधित किया। चुनावी विश्लेषकों ने कहा था- में भाजपा नहीं जीतेगी पूर्व सीएम शिवराज ने कहा- विधानसभा चुनाव में कई चुनावी विश्लेषकों ने कहा था कि मध्यप्रदेश में भाजपा नहीं जीतेगी। कांग्रेस ने घोषणा की थी कि क्लीन स्वीप करेंगे। मेरी पार्टी के कुछ नेता भी मुझसे कहते थे, मुश्किल है, नहीं हो पाएगा। मैंने तय किया कि किसी भी कीमत पर मैं पार्टी को जिताऊंगा। कोई ताकत मुझे जीतने से नहीं रोक सकती। एक संकल्प पैदा हुआ और उसके




अनुरूप काम किया। जब परिणाम आए, तब कांग्रेस ने नहीं, भाजपा ने क्लीन स्वीप किया। सबसे ज्यादा वोट आए और सबसे शानदार सीटें आईं। मैं एक ही क्षेत्र से 11 बार जीता शिवराज ने कहा- ये भी होता है। मैं अहंकार की बातें नहीं बोल रहा हूं। एक क्षेत्र से मैं लड़ता हूं। अब तक मैं 11-12 चुनाव लड़ा हूं पार्टी ने मुझे लड़ाया था। दिग्विजय सिंह जब मुख्यमंत्री हुआ करते थे तो उनके खिलाफ वहां भी लड़ने पहुंच गया, लेकिन एक ही क्षेत्र से 11 बार जीता हूं।

आज कोई मेरे क्षेत्र में जाकर देख लेना, सरेआम मीडिया के सामने कह रहा हूं। मैं चुनाव में प्रचार करने नहीं जाता, एक दिन पहले फॉर्म भरने निकलता हूं। गांव की जनता आती है मुझे थैली भेंट करती है जिसमें पैसे और सूची होती है। रामलाल के 100 रुपए, श्यामलाल के 200 रुपए और उस पैसे से चुनाव लड़ते हैं। ये भी होता है, ईमानदारी से काम करो जनता साथ देगी। कई नेता पॉलिटिक्स को ही करियर मान लेते हैं पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- स्वाभाविक रूप से लोगों के लिए जीना है। देश-प्रदेश और समाज के लिए कुछ बड़ा काम करना है। आज-कल दूसरे तरह के नेता भी हैं जो पॉलिटिक्स को ही करियर मान लेते हैं। यही करियर है लकधक कपड़े पहनकर कुर्ता-पजामा और सतही राजनीति करने ।

# तालठोकू फ़रमान और कांग्रेस का इनकार

हालांकि बहुतों को लगता है, मगर मुझे नहीं लगता कि 22 को अयोध्या पहुंचने के फ़रमान को सरयू में तिरोहित कर देने के कांग्रेसी निर्णय से उसे कोई चुनावी नुक्सान होगा। उलटे इस से भारतीय जनता पार्टी समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तमाम सहयोगी संगठनों की नीयत पर प्रश्नचिह्न लग गया है।मान्यता है कि प्रभु श्रीराम ईसा से 5114 साल पहले जनवरी महीने की दस तारीख़ को जन्मे थे। तब चैत्र महीने का शुक्ल पक्ष था। इस दिन हम हर साल रामनवमी मनाते हैं। इस वर्ष रामनवमी 18 अप्रैल को है।.इसलिए सोनिया गांधी इस रामनवमी पर रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएं। मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी जाएं तो और अच्छा।

22 जनवरी को श्रीराम मदिर तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा भेजा गया रामलला के कथित प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण कांग्रेस ने 'बहुत आदरपूर्वक' अस्वीकार कर दिया। इस के बाद सारा 'मोशा मीडिया' कांग्रेस पर पिल पड़ा। उस ने छोटे परदे और कागज़ी पन्नों के दस्तरख़्वान पर अपने समर्थक विशेषज्ञों को ऐसा परोसा, ऐसा परोसा कि इस मसले पर देश की भावनाएं उफन-उफन कर अपने गर्म सैलाब में सारे बुनियादी सवालों को बहा ले जाएं। मैं तो बहुत ख़ुश हूं कि अर्णबों, अंजनाओं, नाविकाओं और उन के अनुवर्ती चट्टोबट्टों के फेंके तमाम पत्थरों के बावजूद भारत के सर्वसमावेशी आसमान में कोई सूराख़ नहीं हुआ। हो सकता है कि अपनी अस्वीकृति का ऐलान करने के प्रारूप की वाक्य संरचना गढ़ने में कांग्रेस ने उतनी परिपक्वता से काम नहीं लिया हो। लेकिन न तो यह गांधी के ज़माने की कांग्रेस है, न नेहरू और इंदिरा गांधी के ज़माने की। यह राजीव गांधी के वक्त के प्रारूप-महारथी प्रणव मुखर्जी, पामुलपर्ति नरसिंह राव, विट्ठल गाडगिल और एच वाय शारदाप्रसाद के ज़माने की कांग्रेस भी नहीं है। यह सोनिया गांधी के दौर में अक्षर-विश्व रचने वाले नटवर सिंह, अर्जुन सिंह, मणिशंकर अय्यर और सुमन दुबे सरीखे सलीकेदारों की कांग्रेस भी नहीं है। सो, मैं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के इस संक्रमण-समय में शब्द-विधा के वेदव्यास बने घूम रहे मुकरियों के भानुमति कुनबे द्वारा तैयार किए गए इतने संक्षिप्त और बेहद बचकाने मसविदे के लिए उन्हें माफ़ करता हूं और आप से भी 'छोटन के इस उत्पात' को 'बड़न होने के नाते क्षमा करने' का अनुरोध करता हूं।

सोमवार, 22 जनवरी को अयोध्या नहीं जाने का सूचना कांग्रेस ने किन शब्दों में सार्वजनिक की, महत्व इस का नहीं है। बेहतरी की गुंजाइश हर मामले में हमेशा रहती है। लेकिन, मेरे हिसाब से, सब से बड़ी अहमियत यह है कि कांग्रेस ने अपने स्पष्ट इरादे का खुलेआम ऐलान तो किया; चुनावों में नफ़े-नुक्सान की बात सोचे बिना एक फ़ैसला तो लिया; पार्टी के भीतर ही तरह-तरह के दबावों को दरकिनार कर के कमाल की दृढ़ता तो दिखाई; बनियादी मूल्यों और सिद्धांतों को फ़ौरी ज़रूरतों से ज़्यादा तरज़ीह तो दी; और, कलियुगी भौतिकता से परे जा कर राजनीति के चिरंतन दर्शन को अंगीकार तो किया। क्या आप को लगता है कि आज के 'दैहिक, दैविक, भौतिक तापा' के दौर में यह कोई मामूली बात है? इसलिए मैं कांग्रेस की 'सकल शीर्ष कतार' की तमाम ऊइयाइयों के बावजूद मानता हूं कि हमें उन्हें खारिज़ करने का अभी कोई हक़ नहीं है। इसलिए कि अभी उन सवालो के जवाब नहीं मिले हैं, जो अयोध्या के आसमान में तैर रहे हैं। सवाल है कि सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरु ङ्क चारों शंकराचार्य ङ्क बाईस को अयोध्या क्यों नहीं जा रहे हैं; कि उन के उठाए गए शास्त्र-सम्मत ऐतराज़ दफ़न क्यों किए जा रहे हैं; कि आधे-अधूरे मंदिर में रामलला की हड़बड़-स्थापना के पीछे कौन-से चुनावी कारण हैं; कि अयोध्या का अध्यात्मीकरण हो रहा है या बाज़ारीकरण? जिस दिन इन सवालों के जवाब दे कर ज़िल्ल-ए-सुब्हानी या उन के कारिंदे भारतवासियों को अपने तर्कों से सहमत कर देंगे, देशवासी ख़ुद कांग्रेसी कंगूरों को वहां छोड़ आएंगे, जहां पानी भी नहीं मिलता है।

हालांकि बहुतों को लगता है, मगर मुझे नहीं लगता कि 22 को अयोध्या पहुंचने के फ़रमान को सरयू में तिरोहित कर देने के कांग्रेसी निर्णय से उसे कोई चुनावी नुक्सान होगा। उलटे इस से भारतीय जनता पार्टी समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तमाम सहयोगी संगठनों की नीयत पर प्रश्नचिह्न लग गया है। क्या अब से पहले आप सोच भी सकते थे कि कट्टर हिंदुत्व के आलमबरदारों के दशकों के संघर्ष के बाद अयोध्या में जब राम के मंदिर की 'प्राणप्रतिष्ठा' हो रही होगी, तब देश में हिंदुओं का एक बड़ा तबका उस की शुचिता से जुड़े मसलों पर इतना गहन विमर्श कर रहा होगा? इतनी भावनात्मक लहर को विचारों के विश्लेषण के हवाले तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के 'मैं-मैं वाद' ने ख़ुद ही कर डाला। अगर उन्होंने रामलला को अपनी उंगली पकड़ा कर अयोध्या के मंदिर में प्रवेश कराने की संकीर्ण ललक पर काबू रखा होता तो क्या इस आयोजन की बलैयां लेने को समूचा देश आज उमड़ नहीं रहा होता? मगर ख़ुद को जबरन हमेशा सब से अगली कतार में थोपने की अस्वस्थ फ़ितरत ने रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के दूध को भी दो-फाड़ कर दिया। भारत के 80 फ़ीसदी बहुसंख्यक समाज के लिए ताजा सदी में इस से बड़े सर्वसम्मत उत्सव का दिन और कौन-सा होता? एक अकेले नरेंद्र भाई अगर छाती ठोक-ठोक कर सब पर भारी पड़ने की अपनी अंत:प्रकृति में ज़रा-सी तब्दीली कर पाते तो उन की भी महिमा बढ़ती और हिंदू समाज की गरिमा भी चौगुनी हो जाती।

प्रारब्ध का अपयश योग इसे ही कहते हैं। बहुत बार किसी के हाथ से जीवन में बड़े अहम काम होने लिखे होते हैं। लेकिन अंतर्निहित दुर्भाग्य उस के सारे उपक्रमों को बखेड़े में डाल देता है। जो सर्वज्ञाता और सर्वशक्तिमान होने की ख़ामख़्याली के मकड़जाल में फंस जाते हैं, दैवीय विध्नहर्ता शक्तियां भी उन से मुंह फेर कर बैठ जाती हैं। अयोध्या में रामलला की परमपावन अगवानी का दृश्य इसी की तवारीखी नज़ीर है। जब तक सूरज-चांद रहेगा, तब तक लोग याद करेंगे कि जब अयोध्या में रामलला की प्रतिमा में परमशक्ति के प्राण प्रवेश कर रहे थे तो मंदिर के गर्भगृह में किस की अनावश्यक उपस्थिति की वज़ह से एक धार्मिक आयोजन की धवलता सियासत के गंदले छींटों से मलिन हो गई थी। कोई कभी नहीं भूल पाएगा कि अगर एक व्यक्ति राम भक्तों के पूरे जत्थे पर ख़ुद के पीछे-पीछे चलने की पाबंदी लगाने की तालठोकू प्रवृत्ति से परे रह पाता तो 22 जनवरी को हर कोई रामलला के आंगन में ख़ालिस मन से नाच रहा होता। मान्यता है कि प्रभु श्रीराम ईसा से 5114 साल पहले जनवरी महीने की दस तारीख़ को जन्मे थे। तब चैत्र महीने का शुक्ल पक्ष था। इस दिन हम हर साल रामनवमी मनाते हैं। इस वर्ष रामनवमी 18 अप्रैल को है। हालांकि मेरी सलाह का कोई मतलब नहीं है, मगर बिन मांगे सलाह देने के अपने चिरंतन-कर्म से मैं भी क्यों पीछे हटूं, इसलिए कहता हूं कि सोनिया गांधी इस रामनवमी पर रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएं। मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी जाएं तो और अच्छा। अगर देश भर के 640 ज़िलों से कांग्रेसजन के समूह भी 18 अप्रैल को अयोध्या पहुंचें, तब तो सोने पे सुहागा। इंडिया समूह के 28 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इस बार की रामनवमी अयोध्या में मनाएं तो संघ-कुनबे की मुट्ठी में कसमसा रहे रामलला स्वयं सांकल तोड़ कर पहले की तरह जन-जन के राम हो जाएंगे। जिन्हें राम की नहीं, 2024 में अपने सिंहासन की चिता है, क्या राम उन के साथ बंधे रहने को जन्मे हैं? जो श्रीराम को अपना आराध्य नहीं, अपने राजनीतिक दल का छद्म चुनाव चिह्न बनाने के लिए उद्यत हैं, क्या राम कभी उन पर कृपावंत हो सकते हैं? सो, रामयुक्त सर्वसमावेशी समाज की सच्ची प्राणप्रतिष्ठा हम-आप इस रामनवमी को करें। तब तक जो हो रहा है, प्रभु क्षमा करें!

## सम्पादकीय

# यह साय सरकार की दूरदर्शिता है....

राजनीति में दूरदर्शी नेता वही होता है जो अपने विरोधी को विरोध करने के लिए एक मुद्दा तक नहीं देता है। विरोधी तब ही तो कुछ कर सकता है जब उसे सरकार या पार्टी के विरोध के लिए कोई मुद्दा मिले। जब एक चुनाव के कुछ महीनों बाद दूसरा और बड़ा चुनाव हो तो नेता की यह जिम्मेदारी बनती है कि अपनी पार्टी को चुनाव में जिताने के लिए काम करे और काम भी ऐसा करे कि विरोधी दल को कोई मुद्दा न मिल सके। साय सरकार ऐसी ही दूरदर्शी सरकार है, सीएम साए ऐसे ही दूरदर्शी नेता हैं। उनकी सरकार को सौ दिन पूरे हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने ऐसा कोई फैसला नहीं किया है कि कांग्रेस उसे मुद्दा बनाकर सरकार के विरोध में कोई माहौल बना सके। साय सरकार ने सौ दिन में अपना ज्यादा समय चुनाव में किए गए वादा यानी मोदी की गारंटी को पूरा करने पर दिया है। मोदी ने किसानों का धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल,3100 रुपए में खरीदने की गारंटी दी है,किसानों को धान का दो साल का बकाया बोनस देने की गारंटी दी है। 17 लाख गरीबों को आवास देने की गारंटी दी है। राज्य की महिलाओं को साल का 12 हजार रुपए देने की गारंटी दी है। गैस सिलेंडर पांच सौ देने की गारंटी दी है। इनमें कुछ गारंटी सरकार ने पूरी कर दी है जैसे किसानों को 25 दिसंबर को दो साल का बकाया बोसन दे दिया गया है। कुछ किसानों को किसी कारण बोनस नहीं मिल सका है तो उन्हें भी देने का प्रयास किया जा रहा है. यानी बोसन के मामले में कांग्रेस यह नहीं कह सकती कि सरकार ने किसानों क बोसन नहीं दिया है। किसानों से धान खरीदी की जा रही है, सरकार ने वादा किया है कि किसानों को धान का पैसा एकमुश्त दिया जाएगा।अगले कुछ महीनों में यह वादा भी पूरा हो जाएगा। जहा तक गरीबों को आवास देने का सवाल है,इसे सरकार जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास कर रही है। महिलाओं को साल में 12 हजार देने का वादा लोकसभा चुनाव के पहले पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ताकि कांग्रेस यह न कह सके कि महिलाओं से किया वादा सरकार ने पूरा नहीं किया।यह तो हुई सरकार की अपनी योजनाओं व वादों की बात। साय सरकार ने अपने सौ दिन के दौरान भूपेश सरकार के दौरान चल रही किसी योजना का बंद करने का ऐलान नहीं किया है।इससे कांग्रेस को यह कहने तक का मौका नहीं मिल रहा है कि हमारी सरकार की जनहितकारी योजनाए साय सरकार ने बंद कर दी है।

इस मामले में साय सरकार ने पर्याप्त सावधानी बरती है और कहा है कि पिछली सरकार के समय चल रही गौठान योजना बंद नहीं होगी। वे राज्य के लोगों के लिए आर्थिक समृद्धि केंद्र बनेंगे। यानी गौठान के जरिए जो काम भूपेश सरकार कर रही थी, गांवों व ग्रामीणों को रोजगार देकर, उनकी आय बढ़ाकर गांव के लोगों का आर्थिक स्थिति सुधारने का काम कर रही थी, वह काम इस सरकारमे भी जारी रहेगा। साय सरकार में गौठान को आर्थिक समृध्दि केंद्र नाम दिया जाएगा। यानी गौठान पहले जो काम कर रहे थे, वही काणआगे भी करते रहेंगे। अगर सरकार ने यह कहा होता कि गौठान बंद किए जाएंगे तो कांग्रेस को सरकार का विरोध करने का मौका मिल जाता। साय सरकार की दूरदर्शिता से कांग्रेस को गौठान को लेकर तो विरोध का कोई मौका नहीं मिला है। इसी तरह भूपेश सरकार की एक बड़ी योजना राम वनगमनपथ बनवाना है। इस योजनाके तह कई जगहों का विकास किया जा रहा है।सरकार ने यह योजना भी बंद करने की कोई घोषणा नहीं की है। साय सरकार की तरफसे कहा गया है कि इस योजना में और नए 20 स्थल जोड़े जाएंगे यानी योजना को और बड़ा बनाया जाएगा तथा और ज्यादा पैसा खर्च किया जाएगा।इस योजना को साय सरकार रोक देती तो कांग्रेस को यह कहने का मौका मिल जाता कि भाजपा सरकार राम विरोधी है।ऐसे माहौल में जब अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, कांग्रेस को बड़ा मुद्दा दे देना होता। साय सरकार की दूरदर्शिता के कारण कांग्रेस को अब तक तो विरोध करने का मौका नहीं मिला है।लोकसभा चुनाव तक तो शायद ही ऐसा मौक मिले।

# राशिफल

मेष राशि- नववर्ष आपके लिए अत्यन्त सुखद रहने वाला है। आपकी किस्मत पलट सकती है। यदि आप सरकारी नौकरी में हैं, या किसी प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत हैं, अथवा व्यवसायिक तो आपको इस वर्ष कहीं दूरस्थ यात्रा पर जाने के योग हैं। यह यात्रा आपके लिए शानदार हो सकती है। विशेष रूप से आर्थिक लाभ का कारक होगा।

वृष राशि- यह वर्ष आपके लिए कुछ खट्टे कुछ मीठे अनुभव लेकर आ सकता है। आपका संपर्क नवीन व्यक्तियों से हो सकता है, जिनके सहयोग से व्यवसाय में लाभ होगा। नौकरी करने वाले लोगों को अविश्वसनीय रूप से सफलता मिल सकती है। इस राशि के जातकों की आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा।

मिथुन राशि-आपके वैवाहिक जीवन जीवन में पूरे साल शांति बनी रहेगी। आपको अनावश्यक और तनावपूर्ण बातों से दूर रहना चाहिए। बच्चों की शिक्षा के संबंध में यात्रा भी करनी पड़ सकती है। इस सिलसिले में कहीं न कहीं भाग -दौड़ बनी रहेगी। वृद्ध माता-पिता के तीर्थ स्थल पर ले जाने की योजना बनाने में आपको सफलता भी मिलेगी।

कर्क राशि- यह वर्ष आपके जीवन में समृद्धि लेकर आया है। भाग्य का पूरा साथ आपको मिलेगा। नौकरी या व्यवसाय मे जिस भी काम को आगे बढाने की योजना बनायेंगे उसमें आपको सफलता हासिल होगी। इस वर्ष आपको तबादले से संबंधित कोई मनचाही सूचना मिल सकती है। जिसका आपको बहुत दिनों से इंतजार था।

सिंह राशि- आपके लिए दिन मिला-जुला रह सकता है। कार्य-क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यों में संघर्ष की स्थिति बन सकती है परन्तु अपनी सूझबूझ से काम को पूरा कर लेंगे, जिससे आपको आनंद की प्राप्ति होगी। आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष आपके अनुकूल रहेगा। आय के साधन बढ़ने की संभावना है।

कन्या राशि-नया साल आपके लिए धन संबंधी मामलों में अच्छा रहेगा। आर्थिक क्षेत्र में किए गए सकारात्मक प्रयास अनुकूल परिणाम देंगे। इस वर्ष वाहन अथवा मकान भी खरीदने संभावना बन सकती है। सामाजिक अथवा कार्यक्षेत्र में इष्ट मित्रों की सहायता से मुश्किलें कम होंगी ,

तुला राशि- आपके जीवन के अधिकांश क्षेत्रों में नव-वर्ष सकारात्मक रहेगा। सरकारी या प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे जातकों के लिए तरक्की के लिए मार्ग प्रशस्त होंगे। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। इस वर्ष व्यापार करने वाले जातकों के लिए उन्नति के योग बन रहें हैं। जिसे अपनी बुद्धि और विवेक से उचित निर्णय के बल पर प्राप्त करेंगे।

वृश्चिक राशि- इस वर्ष आपको भाग्य का अच्छा साथ मिलने वाला है। आप अपने ज्यादातर कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करेंगे। आज आपके व्यापार से संबंधित रुकी योजनाएं फिर से चालू होंगी तथा आप उस प्रोजेक्ट पर दुबारा काम करना शुरू करेंगे।

धनु राशि-आपके लिए नया साल अच्छे फल प्रदान करने वाला साबित होगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण होगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र से कोई अच्छी खबर मिलेगी। विदेश या छोटी दूरी की यात्रा की योजना बन सकती है।

मकर राशि-यह वर्ष शानदार रहने वाला है। आपको अपने इम्पोर्टेन्ट समान का ध्यान रखना चाहिए। आपको अचानक से जरूरत पड़ सकती है। यह आपके जीवन में बदलाव देखने लेकर आने वाला है।

कुंभ राशि- यह वर्ष आपके लिए मनोवांछित सफलता दिलाने वाला वर्ष रहेगा। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रगति के संकेत हैं। वांछित सफलता प्राप्त करने के लिए आप अपने बड़ों से सलाह तथा सहयोग ले सकते हैं। नौकरी से जुड़े लोग ईमानदारी से और मन लगाकर काम करेंगे।

मीन राशि- आपके लिए नया साल मिले-जुले अनुभव लेकर आया है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत से अच्छी सफलता सफलता मिलेगी। आप अपनी बुद्धि और विवेक से कार्य क्षेत्र में मनचाहा परिणाम प्राप्त करेंगे। व्यापारियों को व्यवसाय में लाभ के योग हैं।

# अड़ियल रुख छोड़े चीन, एलएसी पर सेना का जमावड़ा

आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने भारत-चीन सीमा के ताजा हालात पर जो कहा, वह दोनों देशों के बीच चल रहे गतिरोध पर भारत के कड़े रुख को दर्शाता है। सेना प्रमुख ने साफ-साफ कहा कि सीमा पर भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती तब तक रहेगी जब तक वहां हालात नहीं बदलते। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का पहला उद्देश्य सीमा पर 2020 मध्य से पहले की स्थिति बहाल करना है। जब यह हो जाएगा, तभी अन्य बातों पर विचार किया जाएगा।

दो दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में भी भारत-चीन संबंधों में आए गतिरोध पर ऐसी ही बात कही थी। उन्होंने साफ किया था कि जब तक स्टेटस को आंटे (यानी यथास्थिति से पहले की स्थिति) बहाल नहीं की जाती तब तक संबंधों में बेहतरी की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती।

स मामले में शुरू से भारत अपने इस रुख पर कायम है। अगर दोनों देशों के रिश्तों को देखा जाए तो सीमा को लेकर मतभेद तो हमेशा रहे। मगर इसके बावजूद विश्वास का माहौल बन गया था, जिसके आधार पर न केवल सीमा पर लंबे समय से शांति बनी हुई थी बल्कि द्विपक्षीय सहयोग और व्यापार भी फल-फूल रहा था। अप्रैल-मई 2020 में चीन की एकतरफा कार्रवाई से वह स्थिति बदली और दोनों देशों के बीच टकराव का नया दौर शुरू हुआ।

ऐसे में जब तक सीमा पर उस कार्रवाई से पहले वाली स्थिति बहाल नहीं की जाती, तब तक यह कहने का क्या अर्थ है कि बीती बातों को भूलकर नए सिरे से सहयोग शुरू किया जाए? यही मूल बिंदु है जहां बात आगे नहीं बढ़ रही। सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के दौर पर दौर हुए, कुछ बातों पर सहमति भी बनी लेकिन 2020 मध्य से पहले की स्थिति बहाल करना तो दूर, चीन बचे हुए दो प्रमुख स्थानों देपसांग और देमचोक पर सैन्य उपस्थिति कम करने को भी राजी नहीं हो रहा।

यही वजह है कि भारत ने भी खुद को इस बात के लिए तैयार कर लिया है कि सीमा पर बना यह गतिरोध लंबे समय तक चल सकता है। एलएसी पर 50 हजार से ज्यादा सैनिकों के लिए रहने की जगह तो पहले ही बन चुकी थी, वहां इसी हिसाब से इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने और कनेक्टिविटी डिवेलप करने की भी प्रक्रिया चल रही है। हालांकि एलएसी पर इतनी बड़ी संख्या में फौज की मौजूदगी लगातार बनाए रखना दोनों देशों के लिए न केवल कठिन है बल्कि संसाधनों की बर्बादी भी है। इसलिए यह दोनों के हक में है कि मध्य 2020 से पहले की स्थिति बहाल कर संबंधों में भी पुराना विश्वास कायम करने की कोशिश की जाए। चीन इस बात को जितनी जल्दी समझ ले उतना अच्छा।

# नतीजा संवाद से परहेज का

सड़क हादसों को रोकने के लिए नजरिए में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है। जहां ड्राइवरों की गलती हो, उन्हें बेशक सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हादसे की परिस्थितियों को भी अवश्य में ध्यान में रखा जाना चाहिए।

अगर केंद्र सरकार कानून बनाने के पहले सभी हित-धारकों से संवाद के रास्ते पर चलती, तो ट्रक, बस और टैंकर चालकों को हड़ताल पर नहीं जाना पड़ता। लेकिन हित-धारकों की बात तो अलग, सरकार ने देश की आपराधिक दंड संहिता और साक्ष्य कानून में व्यापक बदलाव बिना विपक्ष के साथ भी संवाद कायम किए कर दिया। अब चूंकि नई भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के बारे में प्रभावित हो सकने वाले लोगों को जानकारी मिल रही है, तो उनका असंतोष सामने आ रहा है। इसकी पहली मिसाल ड्राइवरों की हड़ताल के रूप में देखने को मिली, जिसका सीधा असर आम परिवहन और जरूरी चीजों की सप्लाई पर पड़ा। जब हड़ताल से जन-जीवन बाधित हुआ, तब केंद्र की तरफ से ड्राइवरों के संगठनों से बातचीत की पहल की गई। फिलहाल, केंद्र के आश्वासन पर यकीन कर ड्राइवरों ने हड़ताल वापस ले ली है। लेकिन इस प्रकरण से वर्तमान सरकार की पहले निर्णय लेने और फिर सोचने के रवैये पर फिर से गंभीर सवाल जरूर खड़े हुए हैँ।

ड्राइवरों की शिकायत है कि नए कानून में सड़क हादसों के मामलों में बेहद सख्त सजा का प्रावधान कर दिया गया है। नई संहिता के तहत अगर कोई वाहन चालक किसी सड़क हादसे के बाद बिना पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बिना वहां से चला जाता है, तो उसे 10 साल तक की जेल या सात लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है। ट्रांसपोर्ट संगठनों का सवाल है कि हादसा होने की स्थिति में अगर भीड़ चालक पर हमला कर दे, तो उस हाल में ड्राइवर खुद को बचाएगा या प्रशासन को सूचित करने की कोशिश में अपने को भीड़ के हवाले कर देगा? यह सच है कि भारत में ट्रक-बस-टैंकर चालकों का जीवन मुश्किलों से भरा होता है। हादसे हमेशा उनकी गलती से नहीं होते। भारत की सड़कें और लचर ट्रैफिक सिस्टम अक्सर हादसों का कारण बनते हैं। ऐसे में हादसे रोकने के लिए नजरिए में बदलाव की आवश्यकता है। जहां ड्राइवरों की गलती हो, उन्हें बेशक सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हादसे की कुल परिस्थितियों को भी अवश्य में ध्यान में रखा जाना चाहिए।

# विन्ध्य पार भाजपा की ज्यादा तैयारी!

एकनाथ शिंदे के खेमें का असली शिवसेना घोषित होना अंहम सियासी संकेत है। इससे 48 लोकसभा सीटों की चुनावी तस्वीर साफ हुई है। महाराष्ट्र में भाजपा अकेले अपने दम पर, अधिकाधिक सीटों पर लड़ेगी। शिंदे और अजित पवार के लोगों को भाजपा 48 में से दस सीटे बांटे तो बड़ी बात होगी।दोनों के जमीनी आधार को लेकर भाजपा गलतफहमी में नहीं है। सबने माना हुआ था कि शिंदे गुट की ठाकरे परिवार के भगवा वोटों पर पकड़ नहीं है। सो पहली बात भाजपा बनाम ठाकरे परिवार के बीच अगला चुनाव आर-पार का है। भाजपा की पहली प्राथमिकता मुंबई, थाने, पूणे की पट्टी से ठाकरे पार्टी के सफाए की होगी। भाजपा राम मंदिर की हवा और नरेंद्र मोदी के चेहरे पर महाराष्ट्र में वैसे ही परिणामों की उम्मीद में है जैसे उत्तरप्रदेश में उम्मीद है। सोचे, यदि यूपी में भाजपा 80 में से 75 सीटे जीते और महाराष्ट्र की 48 में से चालीस सीटे जीते तो मई के चुनावों में भाजपा की 400 सीटों का हल्ला साकार हो सकता है। क्या ऐसा सिनेरियों उद्धव ठाकरे, शरद पवार, कांग्रेस नेता, अखिलेश और मायावती को समझ आ रहा होगा? ये इस हिसाब से क्या कोई करों-मरों वाली चुनावी तैयारियां करते हुए है।

हां, अयोध्या में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की हवा काफी हद तक अखिल भारतीय होनी है। नरेंद्र मोदी, अमित शाह आदि भाजपा नेताओं ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना की चुनिंदा सीटों पर जैसा ध्यान दिया है वह चौंकाने वाला है। पिछले चुनावों में 30 प्रतिशत के आसपास के भाजपा वोटों वाली तमाम सीटों पर माइक्रों लेवल पर भाजपा-संघ नेता काम करते हुए है। जैसे भाजपा चुनाव में नेताओं के भाषणों की शुरूआत कॉरपेट बमबारी से करती है और माहौल बनाती है वैसे ही इस बार विन्ध्य पार भाजपा बड़ा हल्लाबोल बनाएगी। केंद्रीय मंत्रियों और नामी चेहरों को चुनाव में उतारेगी तो चुएक-एक संभव सीट पर विपक्ष की फूट का फायदा उठा कर 35 प्रतिशत वोटों से सीट जीतने की मेहनत करेगी।

ध्यान रहे केरल, तमिलनाडु में भी ऐसी पांच-छह सीटे है जहां भाजपा को 25-30 प्रतिशत वोट मिले हुए है। सो यदि केरल में कांग्रेस-लेफ्ट फ्रंट चुनाव में आमने-सामने हुए (जिसकी संभावना है) तो भाजपा चुनाव में पांच-आठ प्रतिशत बढ़वा कर कुछ सीटों पर अनहोनी कर सकती है। चैन्नई दक्षिण में यदि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उम्मीदवार हुई तो द्रविड पार्टियों के आपसी मुकाबले में उनके जीतने के अवसर बन सकते है। जब काशी-तमिल संगम और दक्षिण के तीर्थों को अयोध्या, काशी से जोड़ने जैसेहल्ले है और चुनावी प्रबंधों, संसाधनों में सबकुछ रिकार्ड तोड होगा तोविपक्ष की फूट वाली सीटों पर भाजपा अपना वोट आधार कुछ प्रतिशत बढ़ा ले तो वह विपक्ष के लिए बहुत नुकसानदायी होगा।इस रणनीति में महाराष्ट्र में सर्वाधिक काम होना है। मुमकिन है प्रदेश की 48 सीटों में भाजपा 35-40 सीटे अकेले लड़े औरवह2019 से भी अधिक सीटे पा जाए। यों कांग्रेस-उद्धव ठाकरे गुट में सीट बंटवारे की बात हो रही है। शरद पवार भी भतीजे अजित पवार से दूरी बनाए हुए है। बावजूद इसके लोकसभा चुनाव की घोषणा तक ठाकरे- कांग्रेस-पवार खेमें का एलायंस बिखरा औरअनिश्चितताओं में रहेगा। संस्पेस चलेगा। इन्हे संसाधनों का भी टोटा होगा। भाजपा प्रदेश में शिंदे, अजित पवार के चेहरों को कतई आगे नहीं रखेगी। केवल नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी।रणनीति में केवल मोदी और मंदिर का वह हल्ला रहेगा जिससे ठाकरे के भगवा वोट टूटेंगे तो कांग्रेस की दलित-आदिवासी, ओबीसी राजनीति वैसे ही बेअसर होगी जैसे छतीसगढ़, राजस्थानके हाल के विधानसभा चुनावों में थी।

तभी लोकसभा चुनाव में विन्ध्य पार का मुकाबला कांटे वाला होगा। हालांकि धारणा बनी हुई है कि दक्षिण भारत में इंडिया एलायंस भारी है। ध्यान रहे विन्ध्य पार के बड़े-छोटे-केंद्रशासित आठ प्रदेशों की 162 लोकसभासीटों में भाजपा के कोई पचास सांसद है। धारणा है कि कर्नाटक, महाराष्ट्र मेंभाजपा की सीटे घटेगी और कांग्रेस की बढेगी। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बन गई है तो वह लोकसभा में भी कामयाब होगी। कर्नाटक को लेकर अपने को शक है क्योंकि भाजपा ने देवगौड़ा की वोकालिग्गा बहुल पार्टी जनता दल (एस) से पुख्ता तालमेल बनाया है। और फिर यदि कुछ नुकसान हुआ भी तो उसकी भरपाई के लिए आठ राज्यों की 162 सीटोंमें से महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना की 20-30 अतिरिक्त सीटों पर कांटे की लड़ाई बना जीतने में समर्थ है।

# मालदीव के बीच पर अदिति की मस्ती



भारत और मालदीव में अचानक ही विवाद शुरू हो गया है, जिसके बाद इंडियन्स मालदीव वेकेशन के खिलाफखड़े हो गए हैं। बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स भी अब मालदीव की जगह लक्षद्वीप जाने की सलाह लोगों को दे रहे हैं। इतना ही नहीं, कई सेलेब्स मालदीव की जगह अब लक्षद्वीप जाने के लिए एक्साइटेड हैं। इस लिस्ट में टीवी के कई स्टार्स भी शामिल हैं, लेकिन टीवी एक्ट्रेस अदिति भाटिया ने इस माहौल में कुछ ऐसा कर दिया, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है। अदिति ने इस विवाद के बीच मालदीव वेकेशन की फोटोज शेयर कर लोगों को ट्रोलिंग का न्योता दे दिया है। दरअसल, अदिति भाटिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस मालदीव में मस्त एन्जॉय करती नजर आ रही हैं। इन फोटोज में अदिति ने मालदीव की हर एक स्पेशल चीज दिखाई है। इन फोटोज में अदिति भाटिया अपनी मदमस्त अदाएं दिखाती हुई नजर आ रही हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ब्राउन कलर की ड्रेस पहन अपना क्यूट अंदाज दिखा रही हैं। अदिति भाटिया इस फोटो में मालदीव के बीच पर मस्ती करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की ये रेंडम फोटो देखने लायक है, जिसमें वह व्हाइट आउटफिट में परी लग रही हैं। अदिति भाटिया अपना बोल्ड अवतार दिखाने में पीछे नहीं रहतीं। एक्ट्रेस ने मालदीव के समंदर में खूब मस्ती की है। इस फोटो में अदिति भाटिया अपनी एक दोस्त के साथ नजर रही हैं। हालांकि, दोनों का ही चेहार नहीं दिख रहा है। सूर्यस्त की वजह से ये फोटो इस तरह की आई है।



# केनिशा अवस्थी पहनी बेहद बोल्ड ड्रेस

केनिशा अवस्थी इस तस्वीर में अक्सर बोल्ड ड्रेस पहने दिखाई दीं। केनिशा अवस्थी की ड्रेसेस उर्फी से भी ज्यादा बोल्ड होती हैं। केनिशा अवस्थी इस तस्वीर में बाथ टब में नजर आ रही हैं। केनिशा अवस्थी की इस तस्वीर पर फैंस जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। केनिशा अवस्थी इस तस्वीर में एक प्यारी सी स्माइल पास करती हुई नजर आ रही हैं। केनिशा अवस्थी की स्माइल लोगों को दीवाना बना रहा है। केनिशा अवस्थी इस तस्वीर में डीपनेक ड्रेस पहने दिखाई दीं। केनिशा अवस्थी की डीपनेक ड्रेस लोगों को काफी पसंद आ रही है। केनिशा अवस्थी इस तस्वीर में पानी में आग लगाती हुई नजर आ रही हैं। केनिशा अवस्थी की इस तस्वीर ने सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है। केनिशा अवस्थी ने बोल्डनेस के मामले में उर्फी जावेद और सोफिया अंसारी को फेल कर दिया हैं। केनिशा अवस्थी को लेकर आपकी क्या राय है, कमेंट कर के हमें जरूर बताएं।

# निक्की तंबोली ने थाई हाई स्लिट ड्रेस में फ्लॉन्ट किए टोन्ड लेग्स



बिग बॉस 14 में धमाल मचाने वाली निक्की तंबोली अपने सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। निक्की तंबोली का अंदाज बेहद कातिलाना है। बोल्डनेस के मामले में निक्की तंबोली बॉलीवुड और टीवी की एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। निक्की तंबोली की कोई भी तस्वीर इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जाती है। इस बीच निक्की तंबोली की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वो किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। बिग बॉस 14 फेम निक्की तंबोली ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो कि इंटरनेट पर ट्रेंड कर रही हैं। सामने आई इन फोटोज में निक्की तंबोली थाई हाई स्लिट ड्रेस में नजर आ रही हैं। निक्की का ये अंदाज काफी कातिलाना लग रहा है। लेटेस्ट फोटोशूट में निक्की तंबोली थाई हाई स्लिट ड्रेस में अपने टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। निक्की का ये अवतार देख फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं इन फोटोज में निक्की तंबोली कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं। निक्की का हर एक पोज इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। बिग बॉस फेम निक्की तंबोली की हर अदा पर लोग फिदा हैं। एक्ट्रेस कोई भी लुक इंटरनेट पर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। मालूम हो कि जहां एक तरफनिक्की तंबोली की फोटोज पर फैंस जमकर प्यार बरसाते हैं वहीं वो अक्सर ट्रोल्स के निशाने पर भी रहती हैं।

# नेहा सिंह ने टाइट टॉप में ढाया कहर

नेहा सिंह अपने बोल्ड लुक लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। नेहा सिंह ने अभी हाल ही में कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में नेहा सिंह बेहद टाइट ड्रेस पहने दिखाई दीं। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। नेहा सिंह अक्सर फैंस के लिए बोल्ड फोटोज और वीडियो शेयर करती हैं। इसी बीच नेहा सिंह ने अभी हाल ही में अपनी नई फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में नेहा सिंह बेहद बोल्ड लग रही हैं। नेहा सिंह की ये फोटोज आते ही सोशल मीडिया पर छा गई हैं। नेहा सिंह इस तस्वीर में क्रॉप टॉप पहने दिखाई दीं। नेहा सिंह की ये तस्वीर खूब वायरल हो रही हैं। नेहा सिंह इस तस्वीर में डीपनेक ड्रेस पहने दिखाई दीं। नेहा सिंह की डीपनेक ड्रेस लोगों का ध्यान अपनी तरफखींच रही हैं। नेहा सिंह इस तस्वीर में ईयररिंग्स पहने दिखाई दीं। नेहा सिंह की ईयररिंग्स लोगों को काफी पसंद आ रही है। नेहा सिंह इस तस्वीर में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। नेहा सिंह के फिगर पर लट्टू हो गए। नेहा सिंह इस तस्वीर में किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। नेहा सिंह के किलर पोज लोगों को काफी पसंद आए। नेहा सिंह इस तस्वीर में अपनी कातिलाना अदाएं दिखाती हुई नजर आ रही हैं। नेहा सिंह की अदा पर हर कोई फिदा हो गए। नेहा सिंह इस तस्वीर में अपनी बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं। नेहा सिंह की तस्वीरें बोल्डनेस की हदें पार कर रही हैं। नेहा सिंह का ये नया बोल्ड लुक सोशल मीडिया पर गर्मी बढ़ा रहा है।



# लो आ गई मोर छइयां भुईयां-2 की रिलीज डेट

## एमसीबी के 24 साल बाद आ रहा है सतीश जैन का ड्रीम प्रोडक्ट



रायपुर। सिने 36 के नंबर 1 डायरेक्टर सतीश जैन की फिल्म छइयां भुईयां-2 की रिलीज डेट आ गई है। जी हां। अब इंतजार की बेकरारी खत्म। क्योंकि तारीख आ चुकी है। यह फिल्म 24 मई को रिलीज होने जा रही है। सतीश जैन की बेटी रुनझुन जैन ने फेसबुक पर यह जानकारी साझा की है। हालांकि इसके बाद कुछ वाट्सऐप ग्रुप में भी यह जानकारी साझा की गई है।

**कहां लगेगी फिल्म**

सतीश जैन ने ब्लॉकबस्टर फिल्म ले सुरु होगे मया के कहानी को प्रभात में लगाया था। अब देखने वाली बात होगी कि इस फिल्म को वे कहां लगाते हैं। राजधानी के किसी सिंगल स्क्रीन में इस फिल्म का लगना बड़ी बात है। वैसे जैन ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं कि कहां लगाएंगे।

**दीपक साहू को पहला ब्रेक**

इस फिल्म में जहां मन कुरैशी हैं वहीं दीपक साहू को पहली बार ब्रेक भी मिला है। यह फिल्म न सिर्फदीपक बल्कि मन कुरैशी की दशा और दिशा भी तय करेगी क्योंकि उनके भी सितारे अभी गर्दिश में चल रहे हैं।

**एल्शा घोष और दीक्षा जायसवाल**

फिल्म में दो खूबसूरत अभिनेत्रियां हैं। एल्शा घोष ले सुरु से सुर्खियां बटोर चुकी हैं वहीं दीक्षा पहली बार बड़े पर्दे पर आ रही है।

**गजब का स्क्रीनप्ले**

सतीश जैन की फिल्मों की खासियत बेहतरीन सॉन्ग-म्यूजिक के अलावा कसा हुआ स्क्रीनप्ले होता है। चर्चे तो यह भी हैं कि अगर स्क्रीनप्ले में कसावट लानी है तो जैन की फिल्मों को बार-बार देखो।

**कुछ पेंच बचा है**

सतीश जैन ने बताया कि कुछ बैलेंस शूट होना बाकी है। मैं बीते दिनों कसडोल गया था। अब 25 जनवरी को शूटिंग शुरू होगी।

# उर्फी जावेद के नए लुक की हुई तारीफ

उर्फी जावेद साल 2024 में पहली बार स्पॉट हुई हैं। इस दौरान उर्फी जावेद अपने नए लुक में दिखाई दीं। उर्फी जावेद खा नया लुक आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। उर्फी जावेद इन तस्वीरों में रेड कलर की कांटे लगी ड्रेस पहने दिखाई दीं। उर्फी जावेद के लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस लुक की जहां फैंस ने तारीफकी, तो वहीं ट्रोल्स ने इसका जमकर मजाक उड़ाया। उर्फी जावेद का साल 2024 का पहला लुक सामने आ गया है। उर्फी जावेद अपने इस नए लुक में बेहद हसीन लग रही हैं। उर्फी जावेद इस वायरल हो रही तस्वीर में रेड कलर की ड्रेस पहने दिखाई दीं। उर्फी जावेद की ये ड्रेस काफी यूनिक थी। उर्फी जावेद इस तस्वीर में एक प्यारी सी स्माइल पास कर रही हैं। उर्फी जावेद की ये स्माइल फैंस का दिल लूट रही है। उर्फी जावेद की नई ड्रेस में कांटे लगे हुए हैं। उर्फी जावेद कांटे लगी इस ड्रेस को देखने के बाद लोग हैरान हैं। उर्फी जावेद की ये कांटे लगी ड्रेस एकदम जालीदार थी। उर्फी जावेद की इस ड्रेस को देखने के बाद लोग इसे देखते ही रह गए। उर्फी जावेद पैप्स को फोटोज के लिए पोज देती हुई नजर आईं। उर्फी जावेद की सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया। उर्फी जावेद के नए लुक की लोग जमकर तारीफकर रहे हैं। कोई इसे एकदम यूनिक बता रहा है।



## संक्षिप्त खबरें...

### गणतंत्र दिवस पर राजभवन में होगा स्वागत समारोह

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की उपस्थिति में राजभवन में शाम 5-15 बजे से 'स्वागत समारोह' का आयोजन किया जाएगा। जिसमे पद्मश्री, पद्मभूषण से सम्मानित राज्य के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संध्याकाल में 'एट होम फंक्शन' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए सोमवार को राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो ने विभिन्न विभागों की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राजभवन परिसर एवं आस–पास की साफ–सफाई, रोशनी एवं झालर व्यवस्था, ट्रैफिक, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, आमंत्रण पत्रों का मुद्रण एवं वितरण एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में सभी आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में राज्यपाल के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, उपसचिव एवं विधि अधिकारी श्रीमती नीरू सिंह, रायपुर नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्र सहित राजभवन के अधिकारी और रायपुर कलेक्टोरेट, लोकनिर्माण, बिजली, उद्यानिकी, आयुष विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर 22 को होगा भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गरियाबंद।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को आयोजित ''श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा–रामोत्सव'' के मद्देनजर राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा जिला अधिकारियों से की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने जिला स्तरीय और जिले के सभी विकासखंडों में 22 जनवरी को भव्य और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यक्रम में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस अवसर पर धार्मिक स्थलों के सजावट, रंगरोगन, लाइटिंग एवं साज–सज्जा पर विशेष ध्यान देते हुए धार्मिक स्थलों में भक्तिमय वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। राज्य के संस्कृति संचालनालय के चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत मानस मंडलियों को भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के लिए 5–5 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। राज्य शासन से इसके लिए आबंटन जारी किया गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के पंजीकृत मंडलियों को प्रोत्साहन राशि 20 जनवरी तक आबंटित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर मंदिरों में भी चलेगा स्वच्छता अभियान

**गरियाबंद।** भगवान श्री राम के जन्म भूमि अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित ''श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा–रामोत्सव'' की तैयारी देशभर में की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आसपास के मंदिरो में सफाई अभियान चलाने का आह्वान किया है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने जिले के धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों में भी स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज आयोजित बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को जिले के मंदिरों में साफ–सफाई, रंग रोगन एवं आवश्यक मरम्मत आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही मंदिरों के सजावट आदि भी सुनिश्चित करने को कहा। 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा में पूरे देशभर में दिवाली जैसा माहौल रहेगा। देशवासी मंदिरों से लेकर अपने घरों में भी दीप जलाकर श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मनाएंगे। कलेक्टर ने बैठक में सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को मंदिरों के साफ – सफाई एवं लोगो को स्वच्छता के लिए जागरूक करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी – कर्मचारी मौजूद रहे।

### हाथियों का आतंक, बुजुर्ग को हाथी ने कुचला



**जशपुर।** जिले में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है. यहां हाथी ग्रामीणों के घरों और किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस बीच आज हाथी के हमले से फिर एक ग्रामीण की मौत हो गई है। मृतक की पहचान मधुसूदन कवर के रूप में हुई है. इसकी सूचना मिलते ही वन अमला मौके के लिए रवाना हो गए हैं। घटना बगीचा वनपरिक्षेत्र के जुरगुम गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार, जुरगुम खम्हार पारा निवासी मधुसूदन कवर आज भोर में शौच के लिए घर से सौ मीटर दूर निकले थे. इस दौरान अचानक बाड़ी की ओर से आए हाथी ने वृद्ध को कुचल दिया। इससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई।

# प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी 2 नाबालिगों की हत्या

### नहर में बरामद हुए थे शव, 3 नाबालिग समेत 5 हिरासत में



**बुलंद मीडिया, जांजगीर-चांपा**

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में दो नाबालिगों की हत्या का मामला पुलिस ने 36 घंटे के अंदर सुलझा लिया है। एसपी विजय अग्रवाल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हत्?या की वजह प्रेम संबंध है। इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 नाबालिग हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलखन के दो बालक 7 जनवरी को रात 10 बजे के बाद से अचानक गुम हो गए। खोजबीन करने के बाद परिजनों ने 9 सितंबर को इसकी सूचना थाने में दी। इसके बाद पुलिस दोनों बच्चों की तलाश में लग गई। 12 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बरभांठा नहर पुल में एक शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। पंचनामा कार्यवाही दौरान शव की पहचान गुम नाबालिग के रूप में हुई। इसके बाद दूसरे गुम हुए बालक की भी तलाश की गई। जिसका शव उसी नहर में पोडी डबरी फॉल पुल के पास कचरे के साथ फंसा मिला। दोनों की हत्या की आशंका पर शॉर्ट पी.एम. रिपोर्ट अनुसार सिर में चोट के कारण दोनों की मौत हुई है। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। इसमें विभिन्?न स्?थानों पर लगे सी.सी.टी.व्ही फूटेज, तकनीकी विशेषज्ञों और मुखबीर की सहायता ली गई। जांच के दौरान शक के आधार पर एक नाबालिग को सादे वेश भूषा में उनके परिजनों के समक्ष पूछताछ किया गया। उसने बताया कि वह और मृतक दोनों ही अपने स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा को चाहते थे, जिससे आपस में मनमुटाव था। इसकी वजह से तीनों नाबालिगों ने मुख्य आरोपी हेंमत प्रसाद बंजारे पिता सुकालू प्रसाद बंजारे 21 वर्ष, प्रभात भैना पिता आनंद राम भैना 19 वर्ष ने मिलकर हत्?या की साजिश रची। साजिश के तहत मृतक नाबालिग को उसकी प्रेमिका से मिलाने के लिए रात 10.30 बजे लगभग ग्राम बरभांठा के पानी टंकी के पास से सेमरा की ओर सूखी नहर तीसरे फॉल के पास बुलाया गया। सभी योजना अनुसार नहर के झाड़ि?यों में लोहे की राड और पाईप लेकर छुपे रखे थे। जैसे ही दोनों बालक वहां पहुंचे आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हत्?या के बाद दोनों के शवों को गढढे में डालकर उपर से पास के खेत से धान का पैरा लाकर ढक दिए। मृतक की मोटर सायकल को घटना स्थल से लगभग 2 किमी. मुडपार रोड के किनारे तालाब में छिपा दिया। हत्?या में प्रयुक्त लोहे की रॉड, पाईप, मोबाईल, पहने अपने–अपने कपड़े को अपने–अपने घर में छिपा दिया था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 363, 302, 201,120 बी,147,149,325 आईपीसी के तहत कार्रवाई की है। दो बालकों के अंधे कत्ल के गुत्थी को सुलझाने में सायबर सेल के निरीक्षण प्रवीण कुमार द्विवेदी, उप निरी. पारस पटेल, प्र.आर राजकुमार चंन्द्रा, बलबीर सिंह, विवेक सिंह, आरक्षक गिरीश कश्यप, आरक्षक अर्जुन यादव, थाना प्रभारी मुलमुला सागर पाठक, चौकी प्रभारी पंतोरा दिलीप सिंह, थाना प्रभारी शिवरीनारायण से निरीक्षक अशोक द्विवेदी, प्रधान आरक्षक तारिकेश पांडे आरक्षक श्रीकांत सिंह , थाना चाम्पा के सउनि रामप्रसाद बघेल, प्र.आर. विरेन्द्र टण्डन का विशेष योगदान रहा।

## संभागायुक्त ने की शासकीय योजनाओं की समीक्षा




**बुलंद मीडिया, बिलासपुर**

कमिश्नर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने सोमवार को संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने शासकीय योजनाओं और कामों को गंभीरता से लेते हुए उनकी सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं से मैदानी स्तर पर लोगों के जीवन स्तर में बदलाव परिलक्षित होना चाहिए। श्रीमती राजपूत तिवारी ने कहा कि शासन स्तर पर यदि कोई मामला लंबित है तो इसकी जानकारी दें ताकि फॉलो अप कर जल्द स्वीकृत अथवा निराकरण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए श्रीमती राजपूत तिवारी के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अफसरों की यह पहली आधिकारिक बैठक थी। उन्होंने सबसे पहले अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और शासकीय योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। श्रीमती तिवारी ने कहा शासन की जो प्राथमिकता है वह उनकी भी प्राथमिकता है, और उनका तेजी से अमल होना चाहिए। उन्होंने विभागवार प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। श्रीमती तिवारी ने कहा कि किसानों के ऋण प्रकरण सहकारी बैंक द्वारा त्वरित गति से स्वीकृत किया जाना चाहिए। उन्होंने बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में चल रहे विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग केईई ने बताया कि 1350 मीटर बाउंड्री वॉल खड़े करना है, जिसमें से 1000 मीटर का काल पूर्ण हो चुका है। संयुक्त संचालक शिक्षा ने बताया कि पदोन्नति उपरांत जारी संशोधित आदेश के तहत सभी शिक्षक ज्वाइन कर लिए हैं। कमिश्नर ने बैठक में धान खरीदी की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अब कुछ ही दिन धान खरीदी के लिए रह गए हैं, ऐसी स्थिति में गैर किसान लोग भी अपना धान खपाने का प्रयास करेंगे। इन पर कड़ी निगरानी रखा जाए ताकि गैर लोग धान बेच ना सके। इस प्रक्रिया में वास्तविक किसानों को कोई दिक्कत भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी योजना सतत रूप से क्रियाशील रहना चाहिए अधिकारी गण टीम भावना के साथ योजनाओं को संचालित करें।

## सामुहिक विवाह व कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विजय शर्मा

**बुलंद मीडिया, कवर्धा**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम सुरजपुरा में कलार समाज के सामुहिक विवाह और ग्राम राम्हेपुर में साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री शर्मा के कार्यक्रम में पहुंचने पर समाज के पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों द्वारा कलार समाज के आराध्य देव भागवन सशस्त्र बाहु अर्जुन और साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की पूजा–अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने इस आयोजन के लिए डड़सेना कलार समाज और साहू समाज का प्रशंसा की। उन्होंनें कलार समाज के सामुहिक विवाह में वर–वधु को नव दंपात्य जीवन में प्रवेश करने पर उज्जवल भवष्यि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मेहनत और ईमानदारी डड़सेना कलार और साहू समाज की पहचान है। जिसके कारण समाज आज हर क्षेत्र में तरक्की के



नए सोपान गढ़ रहा है। ये विशेषता समाज में आगे भी बने रहना चाहिए। इसके साथ ही अन्य समाजों को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता डड़सेना कलार और साहू समाज समाज में निहित है। राज्य की तरक्की और बेहतरी के लिए ये गुण जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पोखराज सिंह परिहार, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनिराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, निर्मल द्विवेदी, ईश्वरी साहू, रामप्रसाद बघेल, पार्षद रिंकेश वैष्णव, खिलेश्वर साहू, अमर कुर्रे, सनत साहू, रामकुमार ठाकुर, मयंक गुप्ता, हेमचंद चंद्रवंशी, सोनू ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कमार परिवारों के बीच पहुंचे केन्द्रीय मंत्री शेखावत व डिप्टी सीएम साव

### परिवारों के रहन-सहन, आजीविका और योजनाओं की ली जानकारी



**बुलंद मीडिया, महासमुंद**

भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सोमवार को महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम झालखम्हरिया में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बस्ती पहुंचे। कमारों के बीच में पहुंचकर उन्होंने केन्द्रीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। उनके साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव मौजूद थे। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेने केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत कमारों के बीच जाकर उनके जीवन शैली, आजीविका सहित योजनाओं की जानकारी ली। इस बीच कमार परिवार की महिला सदस्यों ने फूल छिड़ककर उनका स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही रामसिंग कमार से चर्चा करते हुए उनके रहन–सहन व कामकाज के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि उन्हें वर्ष 2016–17 में ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल गया था। अब अपने पक्के आवास में परिवार सहित खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे बांस की टोकरी, सुपा बनाने का काम करते हैं। चर्चा के दौरान दीवार में टंगे तीर कमान के बारे में जब केन्द्रीय मंत्री के पूछने पर रामसिंग ने बताया कि पहले वे इससे शिकार करते थे आज भी शादी के पूर्व इनकी पूजा की जाती है। उनकी मां फुलबाई कमार से शेखावत ने आत्मीय चर्चा की। फुलबाई ने कहा कि पहले पास में ही स्थित तालाब का पानी पीने मजबूर रहते थे। लेकिन अब हमारे घर में नल से पानी आता है। फुलबाई के आग्रह पर शेखावत ने घर में लगे नल जल कनेक्शन का अवलोकन करते हुए नल चालू कर पानी पिया। उनके परिवार ने प्रधानमंत्री आवास, नल जल और उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने शेखावत को तिल की लड्डू, अनरसा और बाड़ी के पपीता खिलाया। तत्पश्चात उन्होंने उज्ज्वला गैस योजना के हितग्राही विमला बाई कमार से चर्चा की। विमला बाई ने बताया कि पहले वे चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी लाना पड़ता था। लेकिन अब गैस मिलने से गैस चूल्हा में खाना बनाना प्रारम्भ किए है। अब धुंआ सहने की आवश्कता नहीं और न ही जंगल से लकड़ी काटने की जरूरत है।

## मंत्री बृजमोहन ने जैन यूनिटी क्रिकेट लीग में बल्लेबाजी में आजमाया हाथ

### खेलों के जरिए भी युवा अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं : बृजमोहन अग्रवाल



**बुलंद मीडिया, रायपुर**

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रविवार को बूढ़ा पारा स्थित आउट डोर स्टेडियम में आयोजित जैन यूनिटी क्रिकेट लीग सीजन 3 के फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि, जैन यूनिटी क्रिकेट लीग एक सराहनीय पहल है। यह जैन समुदाय के युवाओं को एक मंच प्रदान करती है और उन्हें क्रिकेट के खेल में आगे बढ़ने में मदद करती है। खेल से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों लाभ मिलता है। स्वस्थ्य शरीर के लिए खेल बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि, आजकल आपा – धापी के दौर में बहुतों की फिटनेस इसलिए खराब है क्योंकि लोग व्यायाम या खेलों के लिए वक्त ही नही निकाल पाते है। हमे समझना होगा की शरीर स्वस्थ है तो सब कुछ है। इसलिए व्यायाम या खेल के लिए सभी को थोड़ा वक्त निकालना चाहिए। उन्होंने युवाओं से खेलों में रुचि लेने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जैन यूनिटी क्रिकेट लीग के संयोजक अनुराग जैन समेत समाज के व्यक्ति उपस्थित थे।

## राज्य सरकार कर्मचारियों के साथ है : लखन लाल देवांगन

### कैबिनेट मंत्री अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के नववर्ष व अभिनंदन समारोह में हुए शामिल




**बुलंद मीडिया, रायपुर**

वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। राज्य के अधिकारियों व कर्मचारी वर्ग को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। राज्य सरकार समय–समय पर इस दिशा में सार्थक पहल करेगी। इस आशय का विचार केबिनेट मंत्री देवांगन द्वारा रविवार को कोरबा के अंधरीकछार स्कूल में छत्तीसगढ़ अधिकारी–कर्मचारी फेडरेशन द्वारा आयोजित नव वर्ष मिलन और अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर व्यक्त किया गया। मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए शासकीय सेवकों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण की दिशा में उचित कदम उठाएगी। हम संवाद सेतु स्थापित कर अधिकारियो और कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे। मंत्री देवांगन ने कहा कि शिक्षकों के पदोन्नति का मार्ग सुगम होगा और वेतन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। बहुत जल्द राज्य सरकार अपने वादे को पूरा करते हुए जितने भी पदोन्नति के मामले अटके हुए थे, उन पर शीघ्र पहल करेगी। फेडरेशन की और से केबिनेट मंत्री का गजमाला से स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र देवांगन, पूर्व एल्डरमेन राधे यादव, लक्ष्मण श्रीवास, दीपक जायसवाल समेत अन्य उपस्थित रहे। फेडरेशन के (प्रांतीय सलाहकार) बीपी शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अपाक्स संघ पंकज पांडे, सत्येंद्र देवांगन, प्रदेश अध्यक्ष छग प्रदेश लिपिक संघ रोहित तिवारी, प्रदेश महामंत्री सुनील यादव, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### आईएएस रानू साहू, सौया चौरसिया, विश्नोई से 3-4 घंटे पूछताछ

# कोल स्कैम में नेताओं का कनेक्शन और इन्वॉल्वमेंट की जानकारी जुटा रही ईडी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोल स्कैम केस में रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया और आईएएस समीर विश्नोई से पूछताछ की गई। पिछले 3 दिनों में ईडी की टीम ने 3 से 4 घंटे पूछताछ की है। हालांकि इसमें खास जानकारी हाथ नहीं लगी है। श्वष्ठ की टीम स्कैम में नेताओं का कनेक्शन और इन्वॉल्वमेंट की जानकारी जुटा रही है।

कोल घोटाले मामले में ईडी को अहम दस्तावेज हाथ लगे है। इस संबंध में श्वष्ठ ने जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ के लिए रायपुर की स्पेशल कोर्ट में आवेदन लगाया था। जिसे 6 जनवरी को स्वीकार करते हुए कोर्ट के 10 जनवरी से 16 जनवरी तक पूछताछ की अनुमति दी है।



**कोल स्कैम में हो सकती है अन्य लोगों की गिरफ्तारी**

कोल स्कैम केस में ईडी की ओर से भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी, रामगोपाल अग्रवाल को आरोपी बनाया है। जिसके सबंध में जांच भी चल रही है। बता दें कि देवेंद्र यादव की और से विशेष अदालत में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई थी। कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए देवेंद्र समेत 4 लोगों के खिलाफ जमानती वारंट भी जारी किया है। जल्द ही कोल स्कैम केस से संबंधित अन्य लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

**7 आरोपी कोर्ट में हुए थे हाजिर, 3 गैरहाजिर**

कोल स्कैम मामले से संबंधित जेल में बंद आरोपियों की 6 जनवरी को पेशी थी। पेशी में 3 को छोड़कर बाकी 7 आरोपी कोर्ट में हाजिर हुए। सौम्या चौरसिया, रानू साहू और निखिल चंद्राकर ने मेडिकल लगाकर कोर्ट आने में असमर्थता जताई थी। सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल, शिव शंकर नाग, समीर बिश्नोई, लक्ष्मीकांत तिवारी, दीपक टांक और राजेश चौधरी कोर्ट में हाजिर हुए थे।

**ईडी की जांच में 221 करोड़ का स्कैम सामने आया**

ईडी ने छत्तीसगढ़ में 540 करोड़ के कोल लेवी स्कैम का खुलासा किया था। कोल घोटाला की जांच में अब तक 221 करोड़ का घोटाला सामने आया है, उतनी राशि ही कुर्की हो पाई है। अब भी ईडी घोटाले की जांच कर रही है ।

## महादेव सट्टा ऐप केस, नितेश-अमित अरेस्ट: दुबई में खरीदी प्रॉपर्टी, विदेशी कंपनियों में शेयर होल्डर; ढाई करोड़ का मिला हिसाब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा ऐप मामले में नितेश टिबरेवाल और अमित अग्रवाल को श्वष्ठ ने गिरफ्तार किया गया है। इन्होंने दुबई में प्रॉपर्टी खरीदी है। विदेशी कंपनियों में शेयर होल्डर भी हैं। जांच में अब तक ढाई करोड़ रुपए का हिसाब दिखा है। अमित का भाई अनिल अग्रवाल महादेव ऐप में पार्टनर था। वह दुबई से जो पैसे भेजता था उसे यहां रिसीव करके अमित अपने अकाउंटेंट के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करता था।



ईडी के वकील सौरभ पांडेय के मुताबिक 1 जनवरी को सप्लीमेंट्री कम्प्लेंट कोर्ट में रखी थी। उसमें अनिल कुमार अग्रवाल को अभियुक्त बनाया था। अमित अग्रवाल इसी का भाई है। इसकी पत्नी ने अनिल दम्मानी के साथ मिलकर जमीन भी खरीदा है। जांच के लिए ईडी ने अमित अग्रवाल की रिमांड मांगी थी।

**नितेश टिबरेवाल ने दुबई में खरीदी थी प्रॉपर्टी**

सौरभ पांडेय ने आगे बताया कि गिरफ्तार हुआ दूसरा व्यक्ति नितेश टिबरेवाल, विकास छापरिया नाम के अभियुक्त की विदेशी कंपनियों में शेयर होल्डर था। जब हमने भारत से बाहर उसकी संपत्तियों के बारे में पूछा तो पहले इनकार कर दिया था।

इस केस में आगे बढ़ने और सबूत जुटाने के लिए हमने कोर्ट से इनकी रिमांड की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनी। हमने 14 दिन की रिमांड की मांग की, लेकिन कोर्ट ने हमें 5 दिन की रिमांड मंजूर की है। इन्हें 17 जनवरी को फिर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

सौरभ पांडेय ने कहा कि इन्हें हमने पूछताछ के लिए बुलाया था। जब इनसे पूछताछ की गई तो इनके स्टेटमेंट रिकॉर्ड से अलग थे। वे गुमराह करने वाली जानकारी दे रहे थे। हमें लगा कि ये बहुत कुछ छिपा रहे हैं। इसके बाद इनसे सघन पूछताछ करने के लिए रिमांड मांगी गई।

## संसद के राजपथ पर दिखेगी बस्तर की झांकी



**भिलाई।** भिलाई के जाने-माने लोक कलाकार रिखी क्षत्रिय और उनकी टीम देश की राजधानी नई दिल्ली के राजपथ पर प्रदेश की झांकी दिखाएंगे। रिखी और उनकी टीम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए शनिवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। नई दिल्ली रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की। रिखी क्षत्रिय छत्तीसगढ़ के प्रख्यात लोक वाद्य संग्राहक और लोक कलाकार हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में छत्तीसगढ़ की जो झांकी दिखाई जाने वाली है, उसमें जगदलपुर के मुरिया दरबार और उसके उद्गम सूत्र लिमऊ राजा को दिखाया जाएगा। भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनकी टीम ने इस झांकी को जीवंत रूप में प्रदर्शित करने की बात कही है।

यह 10वां मौका है, जब रिखी क्षत्रिय और उनकी टीम को छत्तीसगढ़ की झांकी प्रदर्शित करने का मौका मिला है। उनकी टीम मुरिया दरबार को प्रदर्शित करने के लिए काफी समय से तैयारी में

## रायगढ़ के दो गांवों में हाथियों ने मचाया उत्पात:2 मकानों को तोड़फोड़ कर किया ध्वस्त, जान बचाने के लिए भागे ग्रामीण

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में हाथियों का आतंक जारी है। शुक्रवार की रात हाथियों के एक दल ने खरसिया वन परिक्षेत्र के 2 गांव में जमकर तबाही मचाया। हाथियों ने 2 मकानों को क्षति पहुंचने के अलावा एक मकान को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। हालांकि इस क्षेत्र में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।



जानकारी के अनुसार, खरसिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत नंदगांव रामबहार में हाथियों के एक दल ने अचानक दस्तक दी। गांव के ग्रामीण अपनी जान बचाने सुरक्षित जगहों में भागने पर मजबूर हो गए। हाथियों ने गांव के कॉलेज चौहान और रातू राम सारथी के मकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त किया है। इसमें रातू राम सारथी के मकान को हाथियों ने पूरी तरह से तोड़फोड़ कर ध्वस्त कर दिया।

शनिवार सुबह पहुंचा वन विभाग खरसिया रेंजर गोकुल प्रसाद यादव ने बताया कि बीती रात नंदगांव और फरकनारा क्षेत्र में जंगली हाथियों ने दो घरों को तोड़ा है। आज सुबह मामले की जानकारी मिलते ही संबंधित गांव के लिए एक टीम भेज दी गई है। नुकसान का आकलन करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**रात में नहीं लगा अधिकारी का कॉल**

खरसिया वन परिक्षेत्र के नंदगांव, रामबहार गांव में बीती रात जंगली हाथियों के आतंक मचाने की सूचना देने गांव के ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को देने की कोशिश की। ग्रमीणों ने बताया कि हाथी की सूचना देने के लिए जब वन विभाग के अधिकारियों का फोन लगया गया तो वहां फोन ही नहीं लग सका।

### बिलासपुर में पेड़ पर लटका मिला किसान का शवः
## खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था अधेड़, आत्महत्या की आशंका

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में एक किसान का शव पेड़ से लटकता मिला है। वह एक दिन पहले खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। दूसरे दिन सुबह लोगों ने उसका शव फांसी पर लटका देखा। पुलिस को आशंका है कि उसने आत्महत्या की होगी। लेकिन, अभी तक इसकी वजह साफ नहीं हो पाई है। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है। दरअसल, ग्राम लिमतरा निवासी रामायण सिंह (48 वर्ष) खेती-किसानी का काम करता था। शुक्रवार की सुबह लोगों ने उसके शव को पेड़ पर लटकते देखा। कुछ ही देर में घटना की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी जानकारी उसके



परिजन और पुलिस को दी गई।

**परिजन बोले- खेत जाने निकला था फिर नहीं लौटा घर**

इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस गांव पहुंची। इस दौरान परिजनों ने पूछताछ में बताया कि रामायण सिंह गुरुवार की सुबह अपने घर से खेत जाने की बात कहकर निकला था। शाम पांच बजे तक जब वह घर नहीं पहुंचा, तब उन्होंने पतासाजी शुरू की। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह उसकी लाश फंदे

## शिक्षक से 1 लाख की ऑनलाइन ठगी : दुर्ग से आने वाला था कुरियर, इंटरनेट से नंबर खोज कर कॉल करना पड़ा महंगा

**रायगढ़।** रायगढ़ पुसौर थाना क्षेत्र में बड़े हरदी गांव के एक शिक्षक से 1 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शिक्षक ने इंटरनेट पर नंबर देखकर कुरियर ?कंपनी के ऑफिस में फोन लगाया था।इस मामले की जानकारी शिक्षक को 20 दिन बाद चलने पर उन्होंने पूरे मामले की पुसौर थाने में दी है।

जानकारी के मुताबिक, शिक्षक का 23 दिसंबर को दुर्ग से पार्सल आने वाला था। लेकिन नियत समय व दिन के हिसाब से पार्सल नहीं आने पर उन्होंने इंटरनेट पर नंबर देखा और कुरियर ?कंपनी के ऑफिस में फोन लगाया। जहां शिक्षक को बताया गया कि थोड़ी परेशानी है, इस कारण से दुर्ग से पार्सल नहीं आ पाया है। ठग ने 5 रुपये यूपीआई ऑनलाइन भेजने के बाद एक्टिव करने की बात कही।



**एप्लीकेशन डाउनलोड करा ओटीपी डलवाया**

इसके बाद दूसरे नम्बर से कॉल करते हुए कहा कि अगर आपके फोन में फोन-पे नहीं है तो आप किसी अन्य के मोबाइल से 5 रुपए सेंड कर दीजिए। फिर एक एप्लीकेशन डाउनलोड कराते हुए उसमें मोबाइल के 5 अंक ओटीपी 88277 लिखने को कहा गया। इस दौरान उन्होंने कैनरा बैंक सिलेक्ट करने का कहा और यूपीआई आईडी डालने की बात कही गई।

**पैसे निकलने की जानकारी 20 दिन बाद लगी**

उसके बाद कहा कि पेमेंट अब तक नहीं हुआ है। सायबर ठग ने फिर से ओटीपी 11723 लिखकर डालने और यूपीआई आईडी डालने की बात कही गई। इतना करते ही शिक्षक के खाते से एक लाख रुपए साइबर ठग के खाते में जमा हो गए। इसकी जानकारी शिक्षक को लगभग 20 दिन बाद चली।

अब पुसौर थाने में साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुसौर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इंटरनेट पर किसी ऑफिस का नंबर ढूंढकर साइबर ठगों के चंगुल में फंसने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण ऐसे मामलों पर रोक नहीं लग पा रही है।

### अयोध्या की तर्ज पर सजेगी व्यवसायिक नगरी गीदम :
## विशेष रथ से भगवान श्रीराम की निकलेगी झांकी, शोभा यात्रा में जुटेंगे हजारों भत

**दंतेवाड़ा/जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम 17 जनवरी को अयोध्या की तर्ज पर सजेगी। खास बात है कि इसमें एक झांकी भी निकाली जाएगी, जिसमें प्रभु श्रीराम के लंका से अयोध्या लौटने के दृश्य को झांकी के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। कोंडागांव में विशेष रथ का निर्माण हो रहा है। इस शोभा यात्रा में करीब 5 से 10 हजार भक्त जुटेंगे।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के सदस्य ओम सोनी ने बताया कि, यह आयोजन विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल की तरफ से किया जा रहा है। पुराना नाका के पास स्थित बजरंगबली के मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में भगवान श्री राम की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। स्रू चैतराम अटामी समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

**सज रहा शहर**

भगवान श्रीराम जब लंका से अयोध्या लौटे थे, तब जिस तरह प्रभु का स्वागत किया गया था। ठीक उसी की एक झलक इस शोभायात्रा के दौरान देखने को मिलेगी। पूरे शहर की मुख्य सड़क को झालर से सजाया जाएगा। पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ भजन-कीर्तन भी किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में दंतेवाड़ा जिले के अलावा पड़ोसी जिलों से भी राम भक्त पहुंचेंगे।

### कोटाडोल समिति से लाखों का धान गायब
## जांच टीम को रापा केंद्र से 20 लाख का धान मिला कम



**मनेंद्रगढ़**-चिरमिरी-भरतपुर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में धान खरीदी में बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई है। खाद्य अधिकारी एवं तहसीलदार के दल ने कोटाडोल समिति में छापा मारा, तो लाखों का धान गायब मिला। कोटाडोल के खरीदी केंद्र रापा में शुक्रवार को हुई जांच में 20 लाख रुपए का धान कम मिला है। कोटाडोल में शनिवार को धान के स्टॉक का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। यहां भी लाखों रुपये का धान गायब बताया जा रहा है। एमसीबी जिले में समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी में कोटाडोल समिति में बड़े पैमाने पर अनियमितता की शिकायत जिला प्रशासन को मिली थी। खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर और तहसीलदार मनहरण सिंह राठिया की टीम कोटाडोल समिति में जांच के लिए पहुंची। कोटाडोल की उप समिति रापा में धान का स्टॉक रिकॉर्ड में ज्यादा दिखने पर अमले ने धान के स्टॉक का वेरिफिकेशन किया।

## छीसगढ़ में 4 डिग्री तक लुढ़केगा रात का पारा : अगले 24 घंटे में होगा बदलाव, बलरामपुर में 7 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटे में रात का पारा 2 से 4 डिग्री तक गिर सकता है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होगी। ऐसा उत्तर से आ रही हवाओं का सरगुजा संभाग से होते हुए दक्षिण छत्तीसगढ़ की ओर गुजरने से होगा। बलरामपुर शुक्रवार को सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं दंतेवाड़ा सबसे गर्म रहा। यहां दिन का पारा 31.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

पेंड्रा में रात का पारा 10 डिग्री रहा तो वहीं अमरकंटक में 7 डिग्री टेंपरेचर रिकॉर्ड किया गया। यहां 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक हवाएं चलती रहीं। रायपुर में न्यूनतम पारा 18.3 डिग्री रहा, जो कि सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा था।



**सामरी पाट में पारा 5 डिग्री पहुंचा**

सरगुजा संभाग के पाट क्षेत्र मैनपाट एवं सामरी पाट में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया है। पिछले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री से ज्यादा की गिरावट आई है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने से तापमान में गिरावट आई है। आगामी तीन से चार दिनों तक तापमान और गिर सकता है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी बन रहा है, जिससे अगले सप्ताह ठंड कम होगी।

**बिलासपुर में रात का पारा लुढ़का**

बिलासपुर में रात का पारा 1.5 डिग्री लुढ़का है। गुरुवार को रात का तापमान 16.7 डिग्री था जो शुक्रवार को 15.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिन का तापमान 29.8 डिग्री रहा जो औसत तापमान से 3 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में रात के तापमान में गिरावट होगी।

| शहर | न्यूनतम तापमान | सामान्य से अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 18.3 डिग्री | +5 डिग्री |
| रायपुर,माना | 17.6 डिग्री | +4 डिग्री |
| बिलासपुर | 15.0 डिग्री | +2 डिग्री |
| अंबिकापुर | 07.3 डिग्री | -2 डिग्री |
| पेंड्रा | 11.8 डिग्री | +1 डिग्री |
| जगदलपुर | 16.2 डिग्री | +5 डिग्री |
| दुर्ग | 16.2 डिग्री | +3 डिग्री |
| राजनांदगांव | 17.1डिग्री | +4 डिग्री |

**दुर्ग-भिलाई में 2 डिग्री गिरा न्यूनतम तापमान**

दुर्ग जिले के अधिकतम तापमान कोई विशेष बदलाव देखने को नहीं मिला। वहीं न्यूनतम 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक : सुनीता पांडेय द्वारा आसमा पब्लिर्श इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जय स्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं सांई मंदिर रोड, रायपुरा रायपुर छत्तीसगढ़ से प्रकाशित, संपादक : मनोज पांडेय मोबाइल नंबर 97547-50321,6265226298
समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार, लेख एवं पत्रकारों के विचार उनके अपने हैं। इसके लिए प्रकाशक, मुद्रक, संपादक एवं मैनेजमेंट उत्तरदायी नहीं होंगे। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा। Email : bulandmedia@gmail.com